दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 09 अंक : 303 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 03 दिसम्बर, 2024 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

संसद में गतिरोध होगा खत्म

## पक्ष-विपक्ष एक साथ, संविधान पर बहस के लिए बनी बात

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी )।** देर से ही सही, आखिर कार संसद में चल रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए सतापक्ष व विपक्ष में सहमति बन गई है। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से ही विपक्ष अपने तमाम मुद्दों को लेकर हंगामा कर रहा है, वहीं उसका आरोप है कि सत्ता पक्ष की तरफ से उनकी मांगें न माने जाने के कारण संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से नहीं चल पा रही है। जिसकी वजह



से संसद के महत्वपूर्ण छह दिन हंगामे की भेंट चढ़ गए। इसे लेकर आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तमाम दलों के साथ एक बैठक भी की है। इस बैठक में टीडीपी के लवू कृष्ण देवरायलू, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, डीएमके सांसद टी आर बालू , एनसीपी-एसपी सांसद सुप्रिया सुले, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, जेडी(यू) के दिलेश्वर कामैत, आरजेडी के अभय कुशवाह, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत और सीपीआई(एम) के राधाकृष्णन शामिल हुए।

### संविधान पर बहस की बनी सहमति

वहीं इस बैठक में दोनों पक्षों (सरकार और विपक्ष) में गतिरोध खत्म करने के साथ संविधान पर बहस की भी सहमति बन गई है। जबकि संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू के अनुसार, 13 और 14 नवंबर को लोकसभा में और 16-17 नवंबर को राज्यसभा में इस मुद्दे पर चर्चा होगी। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कल से संसद के सुचारु तरीके काम करने की उम्मीद जताई है।

### सपा और तृणमूल को मुद्दे उठाने की मिल सकती है अनुमति

वहीं सूत्रों से मिली सूचना के मुताबिक, समाजवादी पार्टी को लोकसभा में संभल मुद्दे और तृणमूल कांग्रेस को बांग्लादेश की घटनाओं को उठाने की अनुमति भी दी जा सकती है। हालांकि, अदाणी मुद्दे पर किसी विशेष चर्चा की संभावना कम है, उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्य अन्य बहसों के दौरान इस पर बात कर सकते हैं। कांग्रेस लगातार अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी और अन्य कंपनी अधिकारियों पर रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों में अमेरिकी अभियोजकों की तरफ से अभियोग लगाने के मुद्दे को उठाती रही है।

### अदाणी विवाद को प्राथमिकता नहीं दे रही टीएमसी

बता दें कि संभल हिंसा और मणिपुर अशांति जैसे मामलों पर विपक्ष के जोरदार विरोध के साथ-साथ 25 नवंबर को शीतकालीन सत्र शुरू होने के बाद से लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही लगातार स्थगित हो रही है। हालांकि, कुछ अन्य विपक्षी दलों, खासकर टीएमसी ने अदाणी विवाद को उतनी प्राथमिकता नहीं दी है और वे चाहते हैं कि संसद में बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि और केंद्र की तरफ से धन आवंटन में विपक्षी शासित राज्यों के साथ कथित भेदभाव समेत कई अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा हो।



राज्य में खनिज क्षेत्र में अपार संभावनाएं

# खनिज संसाधनों से 30 लाख लोगों को मिल रहा रोज़गार: भजनलाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में खनिज संसाधनों की अपार संभावनाएं हैं और लगभग 30 लाख लोगों को खनन से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। राज्य के राजस्व में भी खनन क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में राज्य सरकार कि प्राथमिकता है कि खनिज सम्पदा का समुचित दोहन हो और इस क्षेत्र में राजस्व में बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग खनन खोज कार्य में तेजी लाते हुए नए खनन क्षेत्रों की पहचान करें और नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए।

भजन लाल शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में खान व पेट्रोलियम विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति से प्राप्त खनिज संसाधनो का उपयोग जनता के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए और इसमें पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग खान विभाग की विभिन्न गतिविधियों के लिए आंकलन समिति का गठन किया जाए और इसकी नियमित बैठक भी आयोजित की जाए। उन्होंने रिफाईनरी परियोजना के लिए संबंधित फर्म से वार्ता कर इसके शीघ्र संचालन के लिए कार्ययोजना भी बनाने के लिए निर्देश दिए।

### खनिज ब्लॉक नीलामी में राजस्थान देश में प्रथम

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बेहद हर्ष का विषय है कि वर्तमान सरकार ने अपने प्रथम वर्ष के कार्यकाल में ही 47 प्रधान खनिज ब्लॉक्स नीलाम कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि गत सरकार ने अपने पूरे 5 साल के कार्यकाल में केवल 34 ब्लॉक ही नीलाम किए थे। उन्होंने कहा कि इसी तरह वर्तमान सरकार ने प्रथम वर्ष में अप्रधान खनिज के खनन पट्टे हेतु 426 प्लॉट्स की नीलामी की है जबकि पिछली सरकार के कार्यकाल में मात्र 282 प्लॉट्स ही नीलाम हुए थे। यह दर्शाता है कि हमारी सरकार खनन से राज्य के राजस्व को बढ़ाने व भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। शर्मा ने कहा कि हाल ही में कैबिनेट ने नई खनिज नीति 2024 और नई एम-सेन्ड नीति 2024 को मंजूरी दी है। नई खनन नीति से प्रदेश में खनन आधारित उद्योगों, औद्योगिक निवेश, युवाओं व स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा व राजस्व में बढ़ोतरी होगी। साथ ही, अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने में भी यह नीति महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि नई एम-सेण्ड नीति से प्रदेश में एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना और बजरी के सस्ते विकल्प के रुप में एम-सेण्ड के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रदेशभर में खनन कार्य नियमों के अनुरूप ही हो, ताकि अवैध खनन पर अंकुश लगे और वैध खनन को बढ़ावा मिले। उन्होंने नियमित रूप से खनन पट्टों की नीलामी के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीजीडीए के तहत गैस उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं को विभाग निर्देश दें कि वे वर्ष 2025 तक कम से कम एक जिले में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करे। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष अक्टूबर 2024 तक प्रमुख प्रधान खनिजों से 270.45 करोड़ रूपये की वृद्धि रॉयल्टी में दर्ज की गई। इसी तरह इस वर्ष अक्टूबर 2024 तक प्रमुख अप्रधान खनिजों से 199.45 करोड़ रूपये की वृद्धि रॉयल्टी में दर्ज की गई। खान विभाग में वर्ष 2024-25 में खनिज बजरी की प्लॉट नीलामी से 1 हजार 12 करोड़ रूपये से अधिक की आय हुई जबकि गत सरकार के कार्यकाल में खनिज बजरी का कोई प्लॉट नीलाम नहीं हुआ। बजरी के अतिरिक्त समस्त अप्रधान खनिज के प्लॉटो की ई-नीलामी में वर्ष 2024-25 में 396 करोड़ रूपये की राजस्व आय हुई। विभाग की ओर से डीएमएफटी मद से 4 हजार 957 करोड़ रूपये की राशि का उपयोग किया गया।

राइजिंग राजस्थान समिट

## राज्य के विकास को मिलेगी नई दिशा: कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने दौसा में आयोजित राइजिंग राजस्थान इनवेस्टर्स समिट में भाग लिया और




प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राजस्थान अब विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है, जहां हर क्षेत्र में निवेश, रोजगार और समृद्धि के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह समिट राज्य के आर्थिक भविष्य के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा, जो आने वाले समय में राजस्थान को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने राज्य में निवेश के बढ़ते अवसरों की चर्चा करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नई संभावनाओं और विकास के रास्तों पर विचार व्यक्त किए।

उन्होंने समिट में उपस्थित निवेशकों और उद्योगपतियों से राज्य में व्यापारिक अवसरों का लाभ उठाने की अपील की। कर्नल राठौड़ ने यह भी कहा कि इस समिट से राजस्थान में निवेश का माहौल और बेहतर होगा, जिससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि राज्य की समृद्धि और विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

मनी लांड्रिंग मामले में डीएमके नेता सेंथिल बालाजी का है प्रकरण

## सुप्रीम कोर्ट हैरान: जमानत मिलते ही आरोपी बन गया मंत्री

कोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी, इससे गवाहों पर दबाव बनेगा!



जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी.)।** एक आरोपी नेता को जमानत मिलने के अगले ही दिन मंत्री बन जाना सुप्रीम कोर्ट को नागवार गुजरा और इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी कर डाली। डीएमके नेता वी सेंथिल बालाजी को कैश-फॉर-जॉब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत मिलने के कुछ दिनों बाद तमिलनाडु सरकार में मंत्री बनाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने भी हैरानी जताई। सोमवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गवाहों पर दबाव बनाने की आशंका जताने वाली याचिका पर सुनवाई की सहमति दे दी। हालांकि, जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने बालाजी को जमानत देने के सुप्रीम कोर्ट के 26 सितंबर के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

### सेंथिल बालाजी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

बालाजी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी अदालत में पेश हुए। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि, हमने आपको जमानत दी और कुछ दिनों बाद आप मंत्री बन गए। कोई भी व्यक्ति ये सोच सकता है कि अब वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री के रूप में गवाहों पर दबाव होगा। ये क्या हो रहा है? न्यायमूर्ति ओका ने आगे कहा कि अदालत जमानत के फैसले पर कोई नोटिस जारी नहीं करेगी, लेकिन इस पर सुनवाई होगी कि क्या अब गवाहों पर दबाव होगा। पीठ ने इस मामले पर सुनवाई के लिए 13 दिसंबर की तारीख तय की है।

### एक साल जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट से मिली थी जमानत

गौरतलब है कि कैश फॉर जॉब घोटाले के शिकायतकर्ताओं में से एक के विद्या कुमार ने ताजा याचिका दायर की है और इस बात पर सवाल उठाए कि जमानत मिलने के तुरंत बाद बालाजी को कैबिनेट मंत्री बना दिया गया।

सर्वोच्च अदालत ने बीती 26 सितंबर को ही डीएमके के नेता सेंथिल बालाजी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दी थी। जमानत मिलने के तुरंत बाद 29 सितंबर को सेंथिल बालाजी को फिर से डीएमके सरकार में कैबिनेट मंत्री बना दिया गया। तमिलनाडु की करूर सीट से विधायक सेंथिल बालाजी को बीते साल 14 जून को ईडी ने गिरफ्तार किया था। बालाजी पर साल 2011 से 2015 के बीच एआईएडीएमके सरकार में परिवहन मंत्री रहने के दौरान पैसे लेकर लोगों को नौकरी देने का आरोप लगा।



बांग्लादेश को दी चेतावनी

## हिंदुओं पर हमले रोको वरना बैन: शुभेंदु अधिकारी

एजेंसी

**कोलकाता(एजेंसी )।** बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार को लेकर पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस बीच, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पड़ोसी देश की अंतरिम सरकार को चेतावनी दी कि अगर उनके यहां अल्पसंख्यक हिंदुओं और उनकी संस्थाओं पर हो रहे हमलों को नहीं रोका गया, बंगाल की जमीनी सीमा से बांग्लादेश को निर्यात पर अनिश्चितकाली प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। शुभेंदु अधिकारी ने पेट्रापोल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक विरोध सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से व्यापार पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाया जाएगा, जिससे बांग्लादेश भारत से जरूरी वस्तुओं पर निर्भर होगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के अन्य नेताओं ने भी भाग लिया। हालांकि, वे पार्टी के निशान के बिना यहां मौजूद रहे।

### हमले नहीं रुके तो व्यापार पर लगेगा प्रतिबंध

पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में पेट्रापोल सीमा पर सोमवार को व्यापार चौबीस घंटों के लिए रोक दिया गया था। इस विरोध भारत के कारोबारी संगठनों, खासतौर पर बंगिया हिंदू समिति की ओर से आयोजित किया गया था। अधिकारी ने कहा, यह चौबीस घंटे का व्यापार बंद केवल एक शुरुआत है। अगर अगले हफ्ते तक हिंदुओं और उनके धार्मिक स्थलों पर हमले नहीं रुके, तो हम पांच दिन तक व्यापार पर प्रतिबंध लगाएंगे। नए साल के बाद हम अनिश्चितकाल के लिए व्यापार रोक देंगे। हम देखेंगे कि वहां के लोग बिना हमारे आलू-प्याज के कैसे रहते हैं।

### 1971 की तरह आत्मसमर्पण करने पर मजबूर करेंगे

यह विरोध कार्यक्रम इस्कॉन से जुड़े पूर्व पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में हुआ।

यह विरोध कार्यक्रम इस्कॉन से जुड़े पूर्व पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में हुआ। अधिकारी ने कहा कि भारत सिर्फ एक देश नहीं है। यह पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगर वे हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते हैं, तो हम बांग्लादेश के रजाकारों के नए बेटों को 1971 की तरह आत्मसमर्पण करने पर मजबूर करेंगे। तब हमने पाकिस्तानी सेना को घुटने टेकने पर मजबूर किया था।

### पेट्रोपोल जीरो प्वाइंट तक निकाला मार्च

अधिकारी ने बाद में भाजपा नेताओं और स्थानीय विधायकों स्वपन मजूमदार, अशोक कीरतानिया और अर्जुन सिंह के साथ पेट्रोपोल जीरो प्वाइंट तक मार्च किया, जहां उन्होंने विरोध के प्रतीक के रूप में गुब्बारे छोड़े और बांग्लादेश में हिंदू साधु की बिना शर्त रिहाई और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## महाराणा प्रताप ट्यूरिस्ट सर्किट' और 'ब्रज चौरासी यात्रा' का प्रस्तुतिकरण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।**पर्यटन भवन में सोमवार को राजस्थान की धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए महाराणा प्रताप ट्यूरिस्ट सर्किट एवं ब्रज चौरासी यात्रा पर आधारित प्रस्तुतिकरण किया गया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत और पर्यटन शासन सचिव रवि जैन उपस्थित रहे।इस दौरान कन्सलटेन्ट्स और आर्किटेक्ट्स ने "Concept Plan & Preliminary Report" प्रस्तुत की, जिसमें इन दोनों परियोजनाओं के विकास और पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाओं की रूपरेखा पेश की गई।दिया कुमारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सहायता से राजस्थान पर्यटन विभाग की 145 करोड़ रुपये की दो बड़ी योजनाओं को मंजूरी मिली है। इसमें आमेर और नाहरगढ़ किलों के विकास के लिए 49.31 करोड़ रुपये और जल महल क्षेत्र के विकास के लिए 96.61 करोड़ रुपये शामिल हैं।इसके अतिरिक्त, जयपुर की चारदीवारी क्षेत्र के लिए 100 करोड़ रुपये की योजना पर कार्य चल रहा है। दिया कुमारी ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा।उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जयपुर में देश-विदेश से सबसे अधिक पर्यटक आते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए इन योजनाओं का उद्देश्य आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल पर्यटन सुविधाएं विकसित करना है।



CMYK

# जिला कलक्टर ने शहर व आसपास की साफ-सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण, कचरा देख जाहिर की नाराजगी

## नगर निगम आयुक्त को सफाई व्यवस्था में सुधार करने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को शहर व आस-पास क्षेत्र काली मोरी, मूंगस्का, हनुमान सर्किल, शांति कुंज आदि का दौरा कर अतुल्य अलवर अभियान के तहत शहर की साफ-सफाई का जायजा लेकर शहर में साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने संबंधित स्थानों पर कचरा फैला हुआ मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि इन स्थानों की यथाशीघ्र पूर्ण साफ-सफाई करावे तथा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार करें। उन्होंने मंडी मोड से हनुमान सर्किल होते हुए नगर निगम सीमा क्षेत्र में रोड के दोनों ओर सफाई कराने एवं एकत्रित कचरे को दो दिवस में उठवाए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि हनुमान सर्किल से गोलेटा मोड तक मुख्य हाईवे के दोनों तरफ लग रहे कचरे के ढेर को उठवाए तथा निगम सीमा से बाहर स्थित पंचायत क्षेत्रों में सफाई हेतु जिला परिषद व मुख्य हाईवे हेतु एनएचआईए से समन्वय कर साफ-सफाई करावे।



उन्होंने गोलेटा में कचरा सेग्रीगेशन प्लांट के पास खेल मैदान विकसित किये जाने वाले स्थल का कर निरीक्षण नगर निगम आयुक्त को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि शांति कुंज कॉलोनी को आदर्श कॉलोनी के रूप में विकसित करावे। उन्होंने शहर के नागरिकों से बातचीत कर साफ-सफाई व्यवस्था व सरकारी योजनाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को संग्रहण पॉइंटों व डस्टबिन में ही डाले। अपने मौहल्ले में होने वाली गंदगी की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन व नगर निगम का सहयोग करे। उन्होंने कहा कि कैरी बैग को उपयोग में लेना प्रतिबंधित है अतः इसे उपयोग में न लेवे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पोर्टल शुरू किया गया है जिसमें आमजन सफाई के साथ-साथ रोड लाइट खराब होने की शिकायत भी कर सकते हैं। इस दौरान एडीएम शहर बीना महावर, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरुका, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री सोनू कुमारी, नगर निगम के राजस्व अधिकारी युवराज मीना, अधिशाषी अभियंता दिनेश वर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## शहर वासियों ने सामूहिक रूप से की बाबा त्रिपोलेश्वर नाथ जी की महाआरती

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में शहर विधायक, वन मंत्री राजस्थान सरकार संजय शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु के लिए प्रार्थना की और महाआरती का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष पंडित जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि समिति द्वारा मानव सेवा व सभी स्वस्थ रहे, सभी सुखी रहे ऐसे भाव रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाते आ रहे हैं। सोमवार को मंदिर में प्रतिदिन आने वाले भक्तों की संख्या के अलावा शहर वासियों ने महाआरती कर अपने विधायक, राज्य मंत्री के लिए बाबा त्रिपोलेश्वर नाथ जी के चरणों में दीप प्रज्वलित कर अपनी हाजिरी लगाई ओर मंत्री शर्मा के स्वास्थ्य की कामना की।

## महिला कार्यकारिणी का किया गठन

जयपुर टाइम्स



**टोंक(निस)।** हैहय क्षेत्रीय कलाल समाज देवली टोंक के अध्यक्ष डॉक्टर रतनलाल सुवालका, प्रदेश महिला अध्यक्ष माया सुवालका और नवनिर्वाचित महिला अध्यक्ष पार्वती मेवाड़ा द्वारा महिला संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया उपाध्यक्ष सुशीला सुवालका ज्योति कॉलोनी देवली, महासचिव शकुंतला (शगुन) सुवालका पत्नी राहुल सुवालका, कोषाध्यक्ष दुर्गा देवी मेवाड़ा, सचिव रीना सुवालका, दीपिका सुवालका आमरावती, संतोष मेवाड़ा दूनी, लालीदेवी सुवालका देवलीगांव, लाली देवी सुवालका आमरवासी, मीडिया प्रभारी मैना देवी सुवालका, विधि सलाहकार मंत्री यामिनी माहुर, प्रचार प्रसार मंत्री प्रमिला सुवालका (डोली), खेलकूद मंत्री प्रेम माहुर, संगठन मंत्री कलादेवी सुवालका, सांस्कृतिक मंत्री जया (रेखा) सुवालका, शिक्षामंत्री ओमलता माहुर, स्वास्थ्यमंत्री शकुंतला सुवालका, पर्यावरण मंत्री इंदिरा सुवालका, प्रतियोगिता मंत्री दीपशिखा सुवालका, सदस्यगण जया सुवालका ऊंचा को सर्वसहमति से चुना गया सहयोगकर्ता पदाधिकारी गण संपत सुवालका, बंसी कलवार एडवोकेट, सत्यनारायण बुलिया, अजय मेवाड़ा, राहुल सुवालका समस्त समाज बंधुओ की सहमति से बैठक का आयोजन किया गया, यह जानकारी माया सुवालका ने दी।

## सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम से आमजन को किया जागरूक



### लापरवाही पर की चालान करने की कार्यवाही

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सडक सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार हेतु 5 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम के तहत तीन दिनों में परिवहन विभाग के उडन दस्ता प्रभारी एवं यातायात पुलिस प्रभारी द्वारा नवीन सीनियर सैकण्डरी स्कूल में सेमिनार आयोजित कर करीब 170 विद्यार्थियों एवं करीब 480 लोगों को सडक सुरक्षा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी दी गई तथा सडक सुरक्षा से संबंधित 450 पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही यातायात पुलिस एवं परिवहन उडन दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 730 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अन्तर्गत बिना सीट बेल्ट के वाहन संचालन करने पर 16 चालान, बिना हेलमेट के वाहन संचालन पर 150 चालान, 2 ओवरलोड संचालित वाहनों पर चालान, बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र संचालित वाहनों के 22 चालान, निर्धारित गति से अधिक वाहन संचालन पर 198 चालान एवं नो पार्किंग के 62 चालान बनाए गए।

## अतिक्रमण को हटाकर कर दी पालना गृह की स्थापना

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** बाल अधिकारिता विभाग, अलवर द्वारा संचालित राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह, हसन खां मेवात परिसर में पालना गृह की स्थापना के लिए विभाग द्वारा प्रयास किया गया था लेकिन संप्रेषण गृह की बिल्डिंग के ठीक बाहर अतिक्रमियों द्वारा अपनी टेबल, कुर्सी और बेंच लगाकर लगभग 7 साल से अतिक्रमण किया हुआ था। जिसके कारण पालना गृह का कोई उपयोग नहीं हो पा रहा था। ऐसे में अतिक्रमण को हटा दिया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई, अलवर के सहायक निदेशक रविकान्त के निर्र्देशन में अधीक्षक राजकीय संप्रेक्षण गृह को निर्देशित किया और गृह प्रबंधन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पालना गृह में बच्चों के अनुकूल वातावरण की स्थापना की जाएगी। गृह प्रबंधन समिति ने जेसीबी लगाकर पालना गृह के आसपास के अतिक्रमण किए गए क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त करवाया। जहां पहले अतिक्रमण था वहां पर लोहे की फेंसिंग की गई साथ ही वहां पर पौधारोपण का कार्य किया गया। पालना गृह में जाने के लिए लोहे का द्वार बनाया गया इससे नवजात शिशुओं का सुरक्षित परित्याग संभव हो सकेगा, और उनका जीवन बचाया जा सकेगा।

## विजन संस्थान ने वास्तविकता में नर सेवा नारायण सेवा कहावत चरितार्थ किया है - सिंह

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, CWC सदस्य, असम व मध्य प्रदेश के प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह अलवर शहर में विभिन्न लोगों से मुलाकात की। कांग्रेस प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अनिल जैन ने विज़न संस्थान के हिमांशु एवं टीम द्वारा अलवर शहर के बिजली घर मुख्य चौराहे पर जरूरतमंद लोगों के लिए चलाए जा रहे मात्र 1 रुपए में खाने की व्यवस्था को देखा। उन्होंने कहा कि विज़न संस्थान ने वास्तविकता में नर सेवा-नारायण सेवा कहावत चरितार्थ किया है, इनके इस कार्य की जितनी



तारीफ़ की जाए उतनी कम है। उन्होंने अपनी सहजता एवं सरलता का उदाहरण पेश करते हुए खाना परोसा एवं स्वयं खाने को भी चखा।

इसके पश्चात उन्होंने अलवर की 'राजनीति के चाणक्य' कहे जाने वाले पूर्व विधायक महेन्द्र शास्त्री और जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र माथुर के घर पहुँच उनकी धर्म पत्नी की कुशल क्षेम जानी।

# शहर के मंदिरों में हो रही सिलसिलेवार नकबजनी की वारदात का पुलिस ने किया पर्दाफाश

## दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** थाना एनईबी थाना पुलिस ने शहर के मंदिरो मे सिलसिलेवार हो रही नकबजनी का सोमवार को फर्दाफाश करते हुए दो शातिर नकबजन व थाना के हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वहीं पुलिस मंदिरों से चुराए सामान की बरामदगी के लिए आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।जिला पुलिस अधीक्षक अलवर संजीव नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि संपति संबधी अपराध, चोरी व नकबजनी की घटनाओ के विरुद्ध विशेष अभियान कार्यवाही के तहत दिनेश चंद पु0नि0 थानाधिकारी थाना एनईबी के नेतृत्व में दो आरोपी गोपेश व विकास को गिरफ्तार किया है। जिस पर अनुसंधान जारी है। उन्होंने बताया कि शहर के मंदिरों में सिलसिलेवार नकबजनी की वारदातें हो रही थी। जहां मामले की गंभीरता पर थानाधिकारी मय टीम द्वारा तकनीकी सहायता से कड़ी से कडी जोडकर नकबजनो का चिन्हित कर, आरोपियों को दस्तायब कर बाद पूछताछ गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपी आले दर्जे के नकबजन व थाना हाजा के एचएस है। पूछताछ में उक्त आरोपीयों द्वारा नि न स्थानो पर विभिन्न मंदिरो मे हाल ही चोरी करना स्वीकार किया है।



पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने शहर में नकबजनी की वारदातों में जहां ईलाका थाना एनईबी में कृषि उपज मंडी में की गयी वारदात, ईलाका थाना एनईबी में दाउदपुर में स्थित मंदिर में की गयी वारदात, ईलाका थाना एनईबी मे मैरिज गार्डन के पीछे की गयी वारदात, ईलाका थाना अरावली विहार मे मूगस्का में स्थित मंदिर में की गयी वारदात, ईलाका थाना अरावली विहार मे श्रीराम मंदिर काला कुआ में की गयी वारदात, ईलाका थाना अरावली विहार मे जयपुर रोड पर की गयी वारदात, ईलाका थाना कोतवाली मे बस स्टैण्ड स्थित दुर्गा माता मंदिर में की गयी वारदात, दो ईलाका थाना कोतवाली मे गायंत्री मदिर में की गयी वारदात शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों में गोपेश शर्मा निवासी पटेल नगर मन्नाका रोड पुलिस थाना एनईबी जिला अलवर तथा विकास निवासी शिव कॉलोनी मन्नाका रोड पुलिस थाना एनईबी जिला अलवर शामिल है।

आरोपियों को पकडने में जहां पुलिस टीम में अगंद शर्मा (आरपीएस) वृताधिकारी वृत उत्तर, दिनेशचंद पु0नि0 थानाधिकारी पुलिस थाना एनईबी, अजय कुमार सउनि0, राजेश सारण हैड कानि नं 1795, नरेश कुमार कानि नं 732, देवी सिह कानि नं 2452, शाहिद निसार कानि नं 964, इमरान कानि नं 1252, राजकुमार कानि नं 751, जान मोह मद हैड कानि 151 सीओ कार्यालय वृत उतर मय टीम शामिल रही।

## बच्चों को विटामिन 'ए' खुराक 29 दिसंबर से पहले जरूर पिलावें -सीएमएचओ डॉ. शर्मा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** पूरे प्रदेश सहित अलवर जिले में बच्चों को विटामिन ए' सिरप पिलाने का नया चरण शुक्रवार को शुरू हुआ। यह अभियान 29 नवंबर से 29 दिस बर 2024 तक आयोजित होगा, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वित प्रयास द्वारा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाडी केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप जिला अस्पताल, सेटेलाइट अस्पताल एवं जिला अस्पताल पर विटामिन ए' की खुराक पिलाई जाएगी। यह खुराक हर 6 माह के अन्तराल से पिलाई जाती है।

सीएमएचओ डॉ योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि विटामिन ए' अभियान के इस चरण में लगभग जिले के कुल 474517 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी माइक्रो प्लानिंग पल्स पोलियो अभियान की तर्ज पर ही की गई है। उन्होंने ने बताया कि विटामिन ए' आखों की बीमारियों जैसे रतौंधी-अंधता से बचाव के साथ-साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के लिए भी आवश्यक है।

कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ केके मीना ने बताया कि विटामिन ए देने से बच्चों में दस्त एवं निमोनिया आदि बीमारियों के घातक प्रभाव में कमी लाई जा सकती है, जिससे 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्युदर में भी कमी आती है। इस कार्यक्रम के दौरान आंगनबाडी कार्यकर्ता 9 से 12 माह के बच्चों को विटामिन ए' की बोतल के साथ आने वाले चम्मच द्वारा आधा चम्मच यानिकी 1 एमएल खुराक तथा 1 से 5 साल तक के बच्चों को पूरा च मच यानिकी 2 एमएल खुराक देगी। जिन स्थानों पर आंगनबाडी केन्द्र नहीं हैं या कार्यकर्ता व आशा का पद खाली है वहां एएनएम बच्चों को यह खुराक पिलाएगी। शहरी क्षेत्र में चुनिन्दा प्राइवेट अस्पतालों के द्वारा भी विटामिन ए' की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि बच्चों को विटामिन ए' खुराक 29 दिसंबर से पहले जरूर पिलावें।

### भारतीय जनता पार्टी का संगठन पर्व 2024

## बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति का किया गठन



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व 2024 के अन्तर्गत सोमवार को कोटपूतली उत्तर मण्डल के ग्राम सांगटेडा में बूथ क्रमांक 42 व 43 के बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी सतवीर यादव ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोडने की बात कही। अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष एड. रमेश रावत ने की। इस दौरान भाजपा नेता यादराम जांगल, सदस्यता अभियान संयोजक सोनू चौधरी, बूथ अध्यक्ष अशोक जाट, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र जाट, बूथ समिति के सदस्य राजेश जाट, मनीष स्वामी, कर्ण सिंह, मनोज धानका, सतीश जाट, बिंटु चौधरी, भीम सिंह, हरीश जाट, अजीत सिंह, मनजीत जाट आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित कराने हेतु प्रधानमंत्री के नाम जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली।** गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित कराने की मांग को लेकर गौ भक्तों ने सोमवार को प्रधानमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है कि भारत में आदिकाल से निरन्तर गौमाता का सर्वांगीण योगदान चला आ रहा है और आदिकाल से ही शास्त्रों में जनमानस गौमाता को ही मानते व पूजते चले आ रहे है, क्योंकि मानव जीवन में गौमाता का विशेष स्थान व बहु उपयोगी महत्व रहा है। पिछले कई वर्षो से गौमाता की सुरक्षा व रक्षा की अनदेखी की जा रही है जिससे गौमाता लावारिस होकर



लाचार, मजबूर हो गई है व सडक़ों, गलियों में बेसहारा होकर भटक रही है और स्वयं दुर्घटनाओं में शिकार होती है और अनायास अन्य दुर्घटनाओं को कारित करने में जनहानि का कारण बनती है। गौमाता का दुध, घी, छाछ, दही, मुत्र, गोबर आदि सभी धार्मिक व विज्ञान दोनों ही दृष्टि से प्राणीमात्र व पर्यावरण के लिए उत्तम व पवित्र पाया गया है। गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाना नितांत आवश्यक, उचित व महत्वपूर्ण है। गौभक्तों द्वारा गौमाता को राष्ट्रीय गौमाता घोषित करवाने के लिये साईकिल यात्रा के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को ज्ञापन दिये जायेगें।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर , मंगलवार
03 दिसम्बर, 2024



## विधायक ने किया क्षेत्र में कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़(निसं.)।** जमवारामगढ़ विधानसभा में सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण विधायक महेंद्रपाल मीणा द्वारा किया गया। उपखंड क्षेत्र जमवारामगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महंगी मे समग्र शिक्षा नाबार्ड (आरजेडीएफ-28) 2023-24 योजनांतर्गत निर्मित दो कक्षा कक्ष व पुस्तकालय हॉल मय बरामदा का लोकार्पण सोमवार को जमवारामगढ़ विधायक महेंद्रपाल मीणा के द्वारा किया गया। फीता काटकर कक्षा कक्ष व पुस्तकालय हॉल का लोकार्पण किया गया। विधायक महेंद्रपाल मीणा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो की कोई कमी नही रहेगी। आने वाले समय में विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यो को गति मिलेगी और बड़े विकास के काम करवाए जायेंगे। इस दौरान जिला परिषद सदस्य विजय मीणा,जगदीश नोनपुरा, गठवाडी सरपंच बाबूलाल मीणा, पूर्व प्रधान रघुवीर सिंह चौधरी,महादेव नेतावाला, महेंद्र खटाणा जमवारामगढ़ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## जयपुर विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों पर की कार्यवाही, 21 बीघा भूमि अतिक्रमण मुक्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए जोन-09, 10 और 12 में 21 बीघा भूमि पर फैली चार अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। जोन-12 में करीब 13 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बन रही तमन्ना विहार और कृष्णा विहार नामक कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ध्वस्त किया गया। ग्राम जयसिंहपुरा काकडोदा में सरकारी आम रास्ते पर से कब्जा हटाकर जमीन अतिक्रमण मुक्त की गई। वहीं, ग्राम बिंदायिका में रोड सीमा से अतिक्रमण हटाया गया। जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन के तहत ग्राम गोविंदपुरा और ज्ञानदीप कॉलेज के पास दो अवैध कॉलोनियों कैलाश हेरिटेजऔर इंदिरा नगर विस्तार÷ को जेडीए की बिना स्वीकृति के निर्माण के कारण ध्वस्त कर दिया गया।जोन-09 में राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के मद्देनजर जगतपुरा से विघाणी चौराहा तक 10 किलोमीटर रोड सीमा पर से झुग्गियों और अन्य अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। इस सामूहिक अभियान में जेडीए ने जेसीबी और मजदूरों की मदद से सभी अवैध निर्माणों को हटाकर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया। अधिकारियों ने कहा कि अवैध निर्माण के खिलाफ ऐसी कार्यवाही जारी रहेगी।

## चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर निकाली विशाल कलश यात्रा



पूर्व विधायक और संत महंतो ने गणेश मंदिर से हरी झंडी दिखा कर कलश यात्रा को किया रवाना

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)**माली समाज संस्थान फुलेरा के तत्वाधान में 3 दिसम्बर को होने जा रहे चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर सोमवार को स्थानीय न्यू कॉलोनी स्थित श्री सिद्ध गणेश मंदिर से माली समाज संस्थान फुलेरा के तत्वाधान में गाजे बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा का आयोजन पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के आतिथ्य और माली समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बाबूलाल अजमेरा के नेतृत्व में जीवंत झांकियां सजाई गई। पूर्व विधायक और संत महंतो ने हरी झंडी दिखा कर कलश यात्रा को रवाना किया। जो कि नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई श्रीरामनगर स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। इसी बीच जगह जगह पुष्प वर्षा कर नगरवासियों ने कलश यात्रा का आयोजन अभिनंदन किया। सांयकाल को 4 बजे से मंदिर परिसर में हवन किया गया। इस मौके पर शिव परिवार फुलेरा की महिला कार्यकर्ता सहित सैंकड़ों महिलाएं प्रबुद्धजन मौजूद रहें।

## बाघ एसटी 2305 की कैमरा ट्रेप में कैद हुई तस्वीर , सरिस्का से चलकर जमवारामगढ़ अभयारण्य क्षेत्र में पहुंचा बाघ एसटी 2305

जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़(निसं.)।** जमवारामगढ़ अभयारण्य क्षेत्र एवं अभयारण्य से सटे वन क्षेत्र सरिस्का अभयारण्य में विचरण करने वाले बाघों को काफी रास आने लगा है। पिछले लम्बे समय से टाईगर एसटी -24 जमवारामगढ अभयारण्य क्षेत्र में विचरण करने के बाद अब एक ओर बाघ एसटी-2305 अभयारण्य क्षेत्र के रायसर एवं अजबगढ़ रेंज के वन क्षेत्र में देखा गया। वन क्षेत्र में विचरण करने के पगमार्क मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी सचेत हैं। वन्यजीव जयपुर ग्रामीण उप वन संरक्षक ओम प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सरिस्का



टाईगर एस.टी.-2305 के 28 नवम्बर को सानकोटडा वननाका अधीन रासावाला किलचपुरी वन क्षेत्र में सुबह वन कर्मियों को गश्त के दौरान पगमार्ग दिखाई दिये। पगमार्क देखने पर तुरन्त स्टॉफ ने सरिस्का मॉनिटरिंग टीम की सूचना दी। जिस पर क्षेत्रीय वन अधिकारी टहला एवं उनकी मॉनिटरिंग टीम ने आकर पर्गमार्क देखें।

### सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में

# जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की कलक्टर ने की समीक्षा

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** वर्तमान सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक हर घर खुशहाली थीम पर जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में हुई।

जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए विभागवार आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर रन फॉर विकसित राजस्थान, युवा सम्मेलन/रोजगार उत्सव, पंच गौरव का शुभारम्भ एवं जिला स्तरीय प्रदर्शनी व जिला दर्शन पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा।

इस संबंध में उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए। वहीं उन्होंने 13 दिसंबर को किसान सम्मेलन, 14 दिसंबर को अन्त्योदय सेवा शिविर एवं महिला सम्मेलन के आयोजन के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौंपे गए दायित्वों का निवर्हन निर्धारित समयावधि में किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर को जवाहर कला केन्द्र जयपुर में राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ होगा जिसका प्रत्येक ग्राम पंचायत व नगर निकायों में



सीधा प्रसारण किया जाए।जिला स्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं में प्रगति व विकास कार्यो पर विभागीय प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। जिला दर्शन पुस्तिका के लिए विभागीय प्रगति, सफलता की कहानी, कार्यो की प्रगति पर लेख, पंच गौरव तथा जिले के पर्यटन क्षेत्रों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी जनसंपर्क अधिकारी को देने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि पंच गौरव कार्यक्रम के तहत सवाईमाधोपुर जिले के पंच गौरव एक जिला एक खेल-फुटबॉल, एक जिला एक उपज-अमरूद, एक जिला एक गंतव्य-रणथंभौर बाघ अभयारण्य, एक जिला एक उत्पाद-मार्बल मूर्तिकला, एक जिला एक वृक्ष-नीम का चयन किया गया हैं।

उन्होंने पंच गौरव कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों के संबंध में शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पर्यटन विभाग, उद्योग विभाग तथा वन विभाग को निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल को विद्युत समस्याओं का तत्काल निराकरण के साथ-साथ रबी के मौसम में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के साथ-साथ ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। वहीं उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए है।

उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को सीमाज्ञान सावधानी से करवाने, रास्तों के अतिक्रमण राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने इस कार्य में शांतिभंग होने की स्थिति में संबंधित थाने से पुलिस जाप्ता प्राप्त करने अगर कहीं उपखण्ड अधिकारी व डिप्टी एसपी को लगता है इस कार्य में 10 से अधिक पुलिस जाप्ते की आवश्यकता होगी तो वे इसके लिए संयुक्त हस्ताक्षर से पत्र भेजकर पुलिस अधीक्षक एवं कलक्टर को अवगत कराए। वहीं उन्होंने आई-गोट कर्मयोगी एप पर रजिस्ट्रेशन कराकर बहुउपयोगी कोर्सेज करने के निर्देश कार्मिकों को दिए है।

बैठक में सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग बी.एस. मीणा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामराज मीणा, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सुग्रीव मीणा, जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गृह रक्षा संगठन के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)।** गृह रक्षा संगठन के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर में महिला खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में केन्द्र के विभिन्न सेक्टरों एवं उपकेन्द्रों की होमगार्ड स्वयंसेविकाओं की टीमों ने हिस्सा लिया। होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर की कमाण्डेन्ट सुमन ढाका ने बताया कि प्रतियोगिता में सेक्टर 5 एवं ग्रामीण की संयुक्त टीम विजेता और सेक्टर 1 व 2 की संयुक्त टीम उपविजेता रही। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान अन्य खेल प्रतियोगिताओं, मैराथन, रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान और जिला स्तरीय परेड समारोह का आयोजन किया जाएगा।



## राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शासन सचिवालय में राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम तथा आयुर्वेद विभाग की योजनाओं और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार की रणनीतियों पर चर्चा की गई।

डॉ. बैरवा ने निर्देश दिए कि सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए लघु वृत्तचित्र तैयार कर विभागीय वेबसाइटों, सोशल मीडिया और प्रमुख चौराहों पर डिजिटल एलईडी पैनलों के माध्यम से प्रसारित किया जाए। इसके अलावा, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, परिवहन कार्यालयों और प्रमुख बस स्टैंड्स पर होर्डिंग्स लगाने के भी निर्देश दिए गए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में किए गए महत्वपूर्ण कार्यो और योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना प्राथमिकता है, जिससे अधिकतम लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में विभागीय उपलब्धियों पर आधारित सचित्र बुकलेट प्रकाशित कर आमजन तक वितरित करने का भी सुझाव दिया गया। डॉ. बैरवा ने विभिन्न माध्यमों जैसे समाचार पत्र, ऑडियो-वीडियो फिल्मों के जरिए प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इस अवसर पर रोडवेज की अध्यक्ष शुभ्रा सिंह, परिवहन विभाग की आयुक्त शुचि त्यागी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सरकार की यह पहल जनहितकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## सैनी सभा की आम बैठक का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** सैनी सभा संस्था के भवन नं. 01 में श्याम लाल सैनी की अध्यक्षता में सैनी सभा की आम बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्माओं की शान्ति हेतु 02 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई व उनके परिवारजनों को दुख की घड़ी में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिसके बाद नई कार्य समिति के चुनाव करवाने के लिये सैनी सभा संस्था द्वारा जनसमिति को चार्ज देने पर विचार विमर्श किया गया। वहीं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की समाज संविधान 2007 ही लागू रहेगा एवं इसके अनुसार ही आगामी कार्य समिति के चुनाव करवाये जायेगें तथा नये सविधान संशोधन 2023 को सर्वसम्मति से निरस्त किया गया एवं कार्य समिति का चार्ज देने के लिये आगामी 08 दिसम्बर की तिथि तय की गई।

चार्ज लेने के पश्चात कार्य समिति के चुनाव करवाने के लिये जनसमिति सैनी सभा संस्था द्वारा आगामी प्रक्रिया तय की जावेगी। इस दौरान सैनी समाज के लोग मौजूद रहे।



## राज्यपाल बागडे को डॉ. देवेन्द्र धोदावत ने अपनी काव्य कृति 'मां' की प्रति भेंट की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और केरल के राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. देवेन्द्र कुमार धोदावत ने मुलाकात कर अपनी काव्य कृति 'मां' की प्रति भेंट की। राज्यपाल बागडे ने 'मां' पर लिखी उनकी कविताओं को पढ़कर सराहना की। राज्यपाल ने काव्य कृति के लिए डॉ. धोदावत को बधाई और शुभकामनाएं दी। डॉ. धोदावत ने बताया कि 'मां' शब्द के आलोक में लिखी यह कविताएं उनकी अनुभूतियों से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि मां की सीख की उपयोगिता पर इसमें लघु कविताओं के साथ ही पिता, दादी, भाई, बहन और परिवार से संबंधित मानवीय भावनाएं शब्दों में संजोई गई है।

# कैरियर उत्सव का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** राजमार्ग स्थित द राजस्थान स्कूल में सोमवार को एड्यूकोन संस्था द्वारा आयोजित पढ़ाई के साथ बेहतर कैरियर विकल्प चुनने हेतु मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कैरियर उत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी, उप प्रधानाचार्य रमेश सकलानी, बर्सर विकास चौधरी, एड्यूकोन के निदेशक विशाल राठौड़ व तन्मय शर्मा ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा प्लेटफार्म है, जहां वे कक्षा 12 वीं के बाद देश व विदेश में अपने लिए उपयुक्त अध्ययन विकल्पों का चयन कर सकते है। हमनें एक ही छत के नीचे विभिन्न कोर्सो से संबंधित संस्थानों व विशेषज्ञों की टीम को यहां आमंत्रित किया है, ताकि विद्यार्थी अपनी क्षमता व योग्यता के अनुसार अपने भविष्य को निर्धारण हेतु उचित अध्ययन का विकल्प चुन सकें। मुख्य वक्ता एड्यूकोन के निदेशक विशाल राठौड़ व तन्मय शर्मा ने इस आयोजन के लिए द




राजस्थान स्कूल प्रबंधन का आभार प्रकट करते हुए विद्यार्थियों की सराहना की, क्योंकि नई शिक्षा नीति भी छात्रों को इस तरह के ज्ञान और अवसर प्रदान करने के बारे में संकेत देती है। राठौड़ ने कहा कि ग्रामीण ईलाको में विद्यार्थी उचित जानकारी के अभाव में अपनी क्षमता व योग्यता के आधार पर अपने कैरियर का चयन नहीं कर पाते है। ऐसे आयोजनों ने विद्यार्थियों को अनेक नये कोर्सो व अध्ययन के अवसरों के साथ ही देश व विदेश के ख्यातनाम विश्वविद्यालयों व संस्थानों के बारे में जानने का अवसर मिलता है। बर्सर विकास चौधरी व उप प्रधानाचार्य रमेश सकलानी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य कक्षा 09 से 12 तक के छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर के नये अवसरों के बारे में बताना था। उन्होंने कहा कि देश के 15 विभिन्न ख्यातनाम विश्वविद्यालयों व संस्थानों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को पारम्परिक कैरियर विकल्पों के साथ-साथ नये अवसरों व कोर्सो के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से इस आयोजन में भाग लेकर अपने कैरियर संबंधित अनेक प्रकार की जानकारी प्राप्त की। अभिभावकों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह इस क्षेत्र में अपनी तरह का एक अनूठा आयोजन है। हमें निश्चित तौर पर इसका लाभ मिला है। हमें अपने बच्चों के कैरियर निर्धारण में इससे काफी मदद मिलेगी।

## बच्चों को गर्म कपड़ों का किया वितरण

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में भामाशाहों द्वारा कक्षा 01 से 05 वीं तक के 90 बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य रमेश चंद शर्मा ने भामाशाहों का स्वागत किया। अध्यक्षता रामविलास सिंघल ने की। भामाशाह देवदत्त शर्मा, मनोज शर्मा व सुनीता देवी ने विद्यालय के बच्चों को सर्दी के गर्म कपड़े वितरित किये। भामाशाह देवदत्त शर्मा ने कहा कि हमें ऐसे बच्चों की मदद करने में खुशी मिलती है जो गरीब परिवार से आते है और ऐसे बच्चों की मदद हर उस गर्व के इंसान को करनी चाहिये जो सक्षम हो। इस दौरान सन्तराम कश्यप, फूलचंद सैनी, मदन लाल ठेकेदार, मंजू यादव, नवीन आर्य समेत अन्य मौजूद रहे।



## संपादकीय .....

### शिवसेना यूबीटी यदि सूझबूझ दिखाए तो पुनः पलट सकती है सियासी बाजी!

कभी महाराष्ट्र की सियासी धड़कन समझी जाने वाली शिवसेना भाजपा से अपनी गहरी दोस्ती के लिए जानी मानी जाती थी, लेकिन मुख्यमंत्री पद के सवाल ने दोनों के बीच जो खटास पैदा की, वो निरन्तर जारी है। इसने अवसरवादी प्रवृत्ति ने क्षेत्रीय हिंदूवादी राजनीति को गहरा आघात पहुंचाया है। शिवसेना के पूर्व सुप्रीमो और अब शिवसेना यूबीटी के सर्वेसर्वा तथा महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव भाऊ ठाकरे के बाद जब शिवसेना के नए प्रमुख और महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जब पुनः मुख्यमंत्री पद के सवाल पर पहले सस्पेंस और बाद में क्लीनचिट वाली राजनीतिक चाल चली तो राजनीतिक गलियारे में उद्धव ठाकरे के ऊपर लगी पदलोलुपता की दाग धूल गई।

आपको यह जानकर हैरत होगी कि जैसे ही शिवसैनिकों ने एकनाथ शिंदे तक यह खबर पहुंचाई कि यदि वो %सियासी फूफा% बनेने का स्वांग रचेंगे तो भाजपा, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे के ऊपर डोरे डाल सकती है, वैसे ही एकनाथ शिंदे के होश उड़ गए। क्योंकि शिवसेना यूबीटी द्वारा कांग्रेस की आलोचना किये जाने के पीछे की एक वजह यह भी है। इसके अलावा, एनसीपी प्रमुख अजित पवार के ऊपर भी भाजपा का भरोसा मजबूत होगा और बीजेपी की महाराष्ट्र सरकार आसानी से बन जाएगी। क्योंकि देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार पहले भी मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले चुके हैं और गत विधानसभा चुनावों में बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे के बाद दोनों के बीच जो मतभेद पैदा हुआ है, उसे भी पाटने में मदद मिल जाएगी।

बता दें कि अजित पवार के गत दिनों के ताजा बयान का संदेश भी स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री भाजपा का ही होगा। इससे पहले एकनाथ भी लगभग यही बात बोल चुके हैं। इसलिए किसी तरह की गलतफहमी न केवल महायुति की सियासी साख बल्कि शिवसेना और एकनाथ शिंदे के राजनीतिक वजूद पर भी सवाल पैदा कर सकते हैं। समझा जाता है कि यही सब सोचकर बीमार एकनाथ रविवार को चंगा हो गए और महायुति की बीजेपी सरकार के पक्ष में सकारात्मक बयानबाजी किए। बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस भी यही चाहते थे। उन्हें पता है कि उनके समानांतर किसी को पैदा किया जाता है, इसलिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर वो शक करते हैं!

सच कहूं तो महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन से पहले जो पूरा सियासी ड्रामा मुंबई से दिल्ली तक चला, इससे यदि किसी को लाभ मिल सकता है तो वह हैं शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे। क्योंकि बीएमसी चुनाव सिर पर है। जब उन्हें यह पता चल चुका है कि कांग्रेस उनको ज्यादा तवज्जो नहीं देगी, तब वह अपने मूल जनाधार को बचाने की रणनीति बनाएं, जो उनकी गलत नीतियों के चलते एकनाथ शिंदे की तरफ शिफ्ट होते दिखाई पड़ रहे हैं। इसके लिए वह भाजपा की सरकार को बाहर से समर्थन देने की पहल करें, वो भी बिना मांगे। इससे भाजपा से ज्यादा शिवसैनिकों की सहानुभूति उन्हें मिलेगी।

## ईवीएम का विरोध, संसद ठप- सुधरने वाला नहीं है भारत का विपक्ष

चार जून 2024 के लोकसभा चुनाव में पिछली बार की तुलना में मिली मामूली बढ़त से उत्साहित कांग्रेस को इसके तुरंत बाद हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में अपने इंडी गठबंधन के साथ भारी पराजय का मुख देखना जिसके कारण ये अब गहरी निराशा व हताशा में हैं और उन्हीं हरकतों पर उतर आए हैं जो ये लोकसभा चुनावों से पहले कर रहे थे। कुछ राजनैतिक विश्लेषक अनुमान लगा रहे थे कि हरियाणा तथा महाराष्ट्र में भारी पराजय के बाद विपक्षी दल संसद चलाने में सहयोग करेंगे किंतु फिलहाल ऐसा होता प्रतीत नहीं होता कि संसद के शीततकालीन सत्र में कोई महत्वपूर्ण विधायी कार्य संपन्न हो सकेगा।

संसद के शीतकालीन सत्र का प्रथम सप्ताह अडाणी व संभल हिंसा को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। विपक्षी दल संसद में इसलिए भी बहस नहीं होने देना चाहते हैं क्योंकि जब संसद में बहस होने पर वे पूरी तरह बेनकाब हो जाते हैं। देश की जनता कांग्रेस को अडानी, संविधान व जातिगत जनगणना के मुद्दे पर लगातार नकार रही है किंतु कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार इन्हीं मुददों को लाल किताब जिसे वे संविधान की प्रति कहते हैं हाथ में लेकर बार-बार हवा में उछालते हैं। इन्हीं मुद्दों पर सदन को बाधित करते हैं।

दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के संविधान रक्षक सम्मेलन में राहुल गाँधी ने वही किताब दिखाते हुए कहा कि इसमें कहीं सावरकर का नाम नहीं है। इसी कार्यक्रम में बोलते हुए राहुल गांधी का माइक बंद हो गया और आदतन राहुल गाँधी इसके लिए भी मोदी सरकार को दोष देते हुए उसे तानाशाह बताने लगे। हर समय संविधान संविधान करने वाले राहुल गाँधी से अब पूछा जाना चाहिए कि संविधान की किताब में झूठे मुद्दे उठाकर संसद ठप करने की बात कहाँ लिखी गई है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन को लगातार मिल रही पराजय पर जब इन दलों के नेताओं को आत्मचिंतन करना चाहिए था उस समय ये ईवीएम मशीनों और चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट सहित देश की विभिन्न हाईकोर्ट में 42 याचिकाएं दायर कीं किंतु हर जगह उनके वकीलो को मुंह की खानी पड़ी। हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव परिणामों के बाद विरोधी दलों का ईवीएम पर



आरोप लगाने का रेडियो एक बार फिर ऑन हो गया है। लोकसभा चुनावों के पहले भी अप्रैल माह में जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने सुनवाई करते हुए विपक्ष के सभी आरेपों को खारिज करते हुए कहाकि हमें भी वह दिन याद है जब बैलेट पेपर से चुनाव होते थे और पूरा का पूरा बूथ लूट लिया जाता था। हम अब देश को पुनः उस युग में नहीं ले जाना चाहते हैं। 26 नवंबर 2024 को भी सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करने वाली एक याचिका पर न सिर्फ याचिकाकार्ता को कड़ी फटकार लगाई अपितु राजनैतिक दलों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि आप जब चुनाव हार जाते हैं तो ईवीएम खराब हो जाती है और जीत जाते हैं तो चुप्पी। हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ना ठीक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश विक्रम नाथ और पीबी वराले की पीठ ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

कोर्ट ने याचिकार्ता से पूछा कि यह याचिका दायर करने का शानदार विचार अपको कैसे मिला? ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विरोधी दलों ने अब अतिविश्वसनीय ईवीएम मशीनों के खिलाफ नफरत की दुकान खोल ली है और यही कारण है कि अब कांग्रेस ने ईवीएम मशीनों के खिलाफ अभियान प्रारम्भ करने की घोषणा कर दी है जिससे वह जनता में इन मशीनों के प्रति भ्रम उत्पन्न कर सके। हारे हुए दल देश में राजनैतिक अराजकता का वातावरण उत्पन्न करना चाहते हैं। 2014 से 2024 तक राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी लगभग 47 चुनाव बुरी तरह से हारी चुकी है और अब गांधी परिवार की नाकामी छुपाने के लिए ईवीएम विरोधी अभियान प्रारम्भ कर रही है। कांग्रेस की देखादेखी महाराष्ट्र की शिवसेना-उद्धव गुट व शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने भी ईवीएम के खिलाफ अभियान प्रारम्भ कर दिया है। शिवसेना उद्धव गुट ने तो अपने हारे हुए उम्मीदवारों से पांच प्रतिशत वीवीपैट से मिलान करवाने के लिए याचिकाएं दायर करवाने के लिए कह दिया है। शरद पवार के भतीजे रोहित पवार भी चुनावों को ईवीएम से हाईजैक कराने का आरोप लगा रहे हैं। आज वही कांग्रेस ईवीएम का विरोध कर रही है जिसकी 2004 से 2014 तक ईवीएम द्वारा चुनी गई सरकार रही। यह वही कांग्रेस पार्टी है जो अभी 4 जून 2024 को 99 सीटों पर ईवीएम द्वारा विजयी होने के बाद राहुल गाँधी को शैडो पीएम बता रही थी। बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर पंजाब व दिल्ली विधानसभा में आप पार्टी की सरकार ईवीएम से ही बनी है यही नहीं जम्मू कश्मीर में भी आप पाटी का खाता ईवीएम से ही खुला है। झारखंड में हेमंत सोरेन व जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की सरकार ईवीएम से ही वापस आई है। अगर बीजेपी को ईवीएम हैक करवानी होती तो वह उन सभी राज्यों में भी हैक करवा सकती थी जहां विरोधी दलों की सरकारें हैं । उत्तर प्रदेश के दोनों पूर्व मुख्यमंत्री क्रमशः अखिलेश यादव और बसपा नेत्री मायावती भी अब ईवीएम का खुलकर विरोध करने लग गये हैं। 4 जून 2024 को चुनाव परिणाम आने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बयान दिया था कि अगर बैलेट पेपर से चुनाव होते तो वह यूपी की सभी 80 सीटों पर सफलता प्राप्त करके दिखाते। उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में सपा नौ विधानसभा सीटों में से केवल दो सीटें ही जीत पाई उस पर सपा मुखिया बयान दे रहे हैं कि ईवीम मशीनों की वजह से ही भाजपा सात सीटें जीतने में कामयाब रही वहीं बसपा नेत्री मायावती का कहना है कि अब वह कोई उपचुनाव नहीं लड़ेंगी क्योंकि सभी चुनाव धांधली से हो रहे है।

स्मरणीय है कि निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2017 में ईवीएम मशीनों को हैक करके दिखाने के लिए भरपूर अवसर दिया था किंतु कोई भी विरोधी दल उस हेकाथॉन में नहीं पहुंचा था। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एक बार दिल्ली विधानसभा में ईवीएम को हैक करके दिखाने का असफल प्रयास किया था। आज जो लोग संविधान रक्षक बनने का नाटक रच रहे हैं वास्तव में वही लोग संविधान के भक्षक हैं। यह सभी लोग चाहते हैं कि मतदान प्रक्रिया के दौरान कि मुस्लिम महिला का बुर्का उठाकर उसकी पहचान न की जाये क्योंकि बुर्के की आड़ में इनका फर्जी वोट पड़ता है । ये लोग एक समय में मतदाता पहचान पत्र का भी विरोध करते थे और उसमें फोटो लगाने का भी विरोध किया था, यही लोग हैं जो आधार कार्ड को मतदाता सूची से जोड़ने के भी विरोधी हैं। जनता द्वारा नकारा गया कांग्रेस का गांधी परिवार किसी न किसी तरह एक बार फिर सत्ता का नियंत्रण चाहता है और यही कारण है कि यह परिवार बार बार भारत की चुनाव प्रक्रिया तथा चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा करने का असफल प्रयास कर रहा है । ये देखना हास्यास्पद है कि वही राहुल गांधी और उनकी पार्टी ईवीएम विरोधी यात्रा की घोषणा कर रहे हैं जिन्होंने ईवीएम से ही वायनाड और रायबरेली का चुनाव जीता, जिनकी बहन प्रियंका गांधी ने वायनाड से उपचुनाव जीता, जिनको लोकसभा में इसी ईवीएम से 99 सीट प्राप्त हुयीं । ऐसे में राहुल एंड कंपनी से एक ही प्रश्न पूछा जाना चाहिए क्या ईवीएम विरोधी आन्दोलन से पहले राहुल, प्रियंका और उनके बाकी सांसद/ विधायक आदि अपनी अपनी सीटों से त्यागपत्र देंगे क्योंकि ईवीएम से जीते गए चुनावों में तो घोटाला हुआ है।

## समसामयिक

## भारत में सहकारिता आंदोलन को सफल होना ही होगा

भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को भी सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब ÷सहकार से समृद्धि÷ की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है।

भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित




की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है। ये समितियां मुख्यतः देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35,000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं।

उक्तवर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं। दूसरे, 300 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं एवं तीसरे, प्रत्येक राज्य में एपेक्स सहकारी बैंक भी बनाए गए हैं। उक्त समस्त आंकडें वर्ष 2021-22 तक के हैं।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि हमारे देश में सहकारी आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं। दुग्ध क्षेत्र में अमूल सहकारी समिती लगभग 70 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई है, जिसे आज भी सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता के रूप में गिना जाता है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई समितियों द्वारा रोजगार के कई नए अवसर निर्मित किए गए हैं। सहकारी क्षेत्र में एक विशेषता यह पाई जाती है कि इन समितियों में सामान्यतः निर्णय सभी सदस्यों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। परंतु इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी रही हैं। जैसे, सहकारी बैंकों की कार्य प्रणाली को दिशा देने एवं इनके कार्यों को प्रभावशाली तरीके से नियंत्रित करने के लिए अपेक्स स्तर पर कोई संस्थान नहीं है। जिस प्रकार अन्य बैकों पर भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थानों का नियंत्रण रहता है ऐसा सहकारी क्षेत्र के बैकों पर नहीं है। इसीलिए सहकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्य पद्धति पर हमेशा से ही आरोप लगते रहे हैं एवं कई तरह की धोखेबाजी की घटनाएं समय समय पर उजागर होती रही हैं। इसके विपरीत सरकारी क्षेत्र के बैंकों का प्रबंधन बहुत पेशेवर, अनुभवी एवं सक्रिय रहा है। ये बैंक जोखिम प्रबंधन की पेशेवर नीतियों पर चलते आए हैं जिसके कारण इन बैंकों की विकास यात्रा अनुकरणीय रही है। सहकारी क्षेत्र के बैंकों में पेशेवर प्रबंधन का अभाव रहा है एवं ये बैंक पूंजी बाजार से पूंजी जुटा पाने में भी सफल नहीं रहे हैं। अभी तक चूंकि सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी तंत्र का अभाव था केंद्र सरकार द्वारा किए गए नए मंत्रालय के गठन के बाद सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने में कसावट आएगी एवं इन संस्थानों का प्रबंधन भी पेशेवर बन जाएगा जिसके चलते इन संस्थानों की कार्य प्रणाली में भी निश्चित ही सुधार होगा।सहकारी क्षेत्र पर आधरित आर्थिक मोडेल के कई लाभ हैं तो कई प्रकार की चुनौतियां भी हैं। मुख्य चुनौतियां ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रही जिला केंद्रीय सहकारी बैकों की शाखाओं के सामने हैं। इन बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने की स्कीम बहुत पुरानी हैं एवं समय के साथ इनमें परिवर्तन नहीं किया जा सका है। जबकि अब तो ग्रामीण क्षेत्रों में आय का स्वरूप ही बदल गया है। ग्रामीण इलाकों में अब केवल 35 प्रतिशत आय कृषि आधारित कार्य से होती है शेष 65 प्रतिशत आय गैर कृषि आधारित कार्यों से होती है। अतः ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रहे इन बैकों को अब नए व्यवसाय माडल खड़े करने होंगे। अब केवल कृषि व्यवसाय आधारित ऋण प्रदान करने वाली योजनाओं से काम चलने वाला नहीं है।

भारत विश्व में सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया है। अब हमें दूध के पावडर के आयात की जरूरत नहीं पड़ती है।

भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं।

## शख्सियत

## ब्रिटिश शासन में विजयलक्ष्मी पंडित को मिला था मंत्री का पद



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में न सिर्फ पुरुषों का बड़ा योगदान रहा, बल्कि महिलाओं ने भी आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी। उस दौर में महिलाएं जब पर्दे के पीछे रहा करती थीं, तो वहीं कुछ महिलाओं ने अपने प्राणों को संकट में डालकर देश के लिए अपना योगदान दिया। आजादी की लड़ाई में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की बहन विजयलक्ष्मी पंडित का नाम भी शामिल है। आज ही के दिन यानी की 01 दिसंबर को विजयलक्ष्मी पंडित का निधन हो गया था। वह एक ऐसी स्वतंत्रता सेनानी थीं, जो आजादी की लड़ाई में कई बार जेल भी गई थीं। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर विजयलक्ष्मी पंडित के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और शिक्षा

उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 18 अगस्त 1900 को विजयलक्ष्मी पंडित का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम मोतीलाल नेहरू और मां का नाम स्वरूप रानी नेहरू था। विजयलक्ष्मी की पढ़ाई उनके घर आनंद भवन से हुई। वहीं साल 1921 में काठियावाड़ के सुप्रसिद्ध वकील रंजीत सीताराम पंडित से विजयलक्ष्मी पंडित का विवाह हुआ। शादी के बाद भी विजयलक्ष्मी लगातार सुर्खियों में बनी रहीं।

### राजनीतिक सफर

बता दें कि देश की आजादी की जंग में विजयलक्ष्मी ने खुद को समर्पित कर दिया था। उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। जब साल 1935 में भारत सरकार अधिनियम लागू हुआ, तो साल 1937 में इस कानून के तहत कई प्रांतों में कांग्रेस की सरकार बनीं। इसमें विजय लक्ष्मी पंडित को यूपी संयुक्त प्रांत का कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। अंग्रेजों के शासन में कैबिनेट पद पाने वाली वह पहली महिला थीं। उनकी पहचान सिर्फ जवाहर लाल नेहरू की बहन के रूप में नहीं बल्कि उन्होंने अपने संघर्षों से देश और विदेश में भी अपनी पहचान बनाई थी।

### महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष

विजयलक्ष्मी पंडित ने महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ने में भी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए कई संघर्ष किए। विजयलक्ष्मी पंडित ने साल 1956 में हिंदू उत्तराधिकारी अधिनियम बनाने का बहुत प्रयास किया था। इसी कानून के बाद अपने पति और पिता की संपत्ति में महिलाओं को उत्तराधिकार प्राप्त हो सका था। इसके अलावा उन्होंने साल 1952 में चीन जाने वाले सद्भावना मिशन का भी नेतृत्व किया था।

### मृत्यु

वह पहली महिला थीं, जिन्होंने भारतीय महिला शक्ति की समाज में नई पहचान बनाई थी। विजयलक्ष्मी कई देशों की राजदूत होने के अलावा कुछ राज्यों की राज्यपाल भी रहीं। फिर अपनी ही भतीजी इंदिरा गांधी द्वारा लगाई गई इमरजेंसी का विरोध करने के दौरान वह सुर्खियों में आई थीं। इस विरोध में उन्होंने कांग्रेस पार्टी तक छोड़ दिया था। वहीं 01 दिसंबर 1990 को 90 साल की उम्र में विजयलक्ष्मी पंडित का निधन हो गया था।



## शाहरुख को सबसे बड़ा आउटसाइडर मानते हैं अभिषेक बनर्जी

अभिनेता अभिषेक बनर्जी एक आउटसाइडर हैं, उनका कोई बॉलीवुड कनेक्शन नहीं रहा। इसके बावजूद वह अपने लिए अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे। उनका मानना है कि ऐसा हर कोई कर सकता है। इसमें किसी तरह का नेपोटिज्म आड़े नहीं आता है। उन्होंने शाहरुख का उदाहरण दिया और बताया कि किंग खान एक आउटसाइडर थे, इसके बावजूद उन्होंने इतना बड़ा मुकाम बॉलीवुड में बनाया।

### शाहरुख से सीखना चाहिए

अभिषेक बनर्जी एक इंटरव्यू में कहते है कि सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में भाई-भतीजावाद यानी नेपोटिज्म मौजूद है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर शाहरुख खान का हवाला दिया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि शाहरुख ने इतनी बड़ी सफलता हासिल की है। वह कहते हैं कि आखिरकार बॉलीवुड भी एक बिजनेस है।

इन दिनों जहां भी अभिषेक बनर्जी जाते हैं, सब उनको स्त्री 2 के किरदार जना से पहचानते हैं। वह दर्शकों के बीच एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे हैं। इस सफलता से वह काफी खुश हैं। अभिषेक बनर्जी आगे भी अलग और खास तरह के किरदार करना चाहते हैं।

### स्त्री 3 का भी हो सकते हैं हिस्सा

जिस तरह से अभिषेक बनर्जी फिल्म स्त्री 2 के कारण खूब पॉपुलर हुए। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह अगली स्त्री सीरीज की फिल्म का हिस्सा भी हो सकते हैं, क्योंकि उनके किरदार के बिना यह फिल्म पूरी नहीं होती है।

### दोस्त के किरदार में ज्यादा दिखे

पिछले कुछ समय से अभिषेक बनर्जी जो किरदार कर रहे हैं, उसमें हीरो के दोस्त के रोल ज्यादा रहे। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि उन्होंने मुख्य भूमिका नहीं की। कुछ साल पहले आई एक वेब सीरीज पाताल लोक में उन्होंने हथौड़ा त्यागी का किरदार निभाया था। इस किरदार में उन्हें काफी पसंद किया गया।



## रिद्धि डोगरा ने बताया ट्रोल्स को कैसे हैंडल करती हैं

**छोटे पर्दे से अपने करियर का सफर शुरू करने वाली रिद्धि डोगरा को जब ओटीटी पर मौका मिला, तो उन्होंने इस माध्यम में भी अपना दम दिखाया। जवान में शाहरुख खान की मां की भूमिका से चर्चा में आई रिद्धि डोगरा इन दिनों द साबरमती रिपोर्ट की जर्नलिस्ट की भूमिका में दिख रही हैं। यहां वे हमसे कई मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखती हैं।**

### मैं ज्यादा पॉलिटिकल बातों से बचती हूं

वो आगे कहती हैं, वैसे भी मैं ज्यादा पॉलिटिकल बातों से बचती हूं। मगर फिर मेकर्स ने मुझसे कहा कि मैं टीम से आकर मिलूं और वे फिल्म पर अपनी रिसर्च को लेकर काफी गंभीर थे। उनके पास विषय को लेकर इतनी सामग्री थी कि मुझे अपने सभी सवालों के जवाब मिल गए और मेरी सारी आशंकाएं निर्मूल साबित हुईं। हमारे प्रोफेशन में कन्विक्शन और इंटेंशन बहुत मायने रखता है और मेरी समझ में आया कि इनकी नियत सच को सामने लाने की है। इस कहानी को वे जर्नलिस्टिक पॉइंट ऑफ व्यू से दिखाना चाहते थे, जो मुझे बहुत रोचक लगा। एक तरह से मेरी भूमिका कैटालिस्ट की है, जो कहीं न कहीं सिस्टम को रिप्रेजेंट करती है।

### जो जलील बातें करता है, उसे ब्लॉक कर देती हूं

अपने बेबाक और बिंदास रवैये के कारण रिद्धि को अक्सर ट्रोल्स का शिकार होना पड़ता है। वे ट्रोल्स को कैसे हैंडल करती हैं, इस पर वे दो टूक कहती हैं, ट्रोल्स को इतनी तवज्जो नहीं दे सकते। अगर हम ऑनलाइन ट्रोलिंग को इतनी अहमियत देने लगे, तो हम काम नहीं कर पाएंगे। आज तो ऐसा हो गया है कि सबके हाथ में एक फोन आ गया है और वे उस फोन पर कुछ भी लिख सकते हैं।

### हर किसी को अटेंशन चाहिए

वो बताती हैं, कितनी बार ऐसा होता भी है कि कोई कमेंट करता है और मैं जब उसे आड़े हाथ लेने की कोशिश करती हूं, तो वो झट से पलट जाता है और कहने लगता है, अरे हम तो आपके बहुत बड़े फैन हैं। सॉरी मैंने ऐसा कहा, तो आज हर किसी को वो दो मिनट की अटेंशन चाहिए होती है। कभी-कभी जो लोग बहुत ही जलील बातें करते हैं, मैं उन्हें ब्लॉक कर देती हूं। जब लोग औरत होने के नाते मुझे नीचे दिखाने की कोशिश करती हूं, तब मुझसे बर्दाश्त नहीं होता। मैं हजारों को ब्लॉक कर चुकी हूं। हालांकि हमारी निजी जिंदगी पर इनका असर नहीं पड़ना चाहिए, मगर मुझे लगता है, हमें इन्हें एंटरटेन भी नहीं करना चाहिए।



## फिल्म इंडस्ट्री में आउटसाइडर को काम मिलना मुश्किल है

कृति सेनन ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा- आउटसाइडर को इंडस्ट्री में मौके मिलना काफी मुश्किल होता है। इस दौरान एक्ट्रेस ने नेपोटिज्म के लिए फिल्म इंडस्ट्री को नहीं, बल्कि बाहरी लोगों को जिम्मेदार बताया। कृति सेनन गोवा में 55वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में एक मास्टरक्लास में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेपोटिज्म के लिए फिल्म इंडस्ट्री उतनी जिम्मेदार नहीं है, जितने जिम्मेदार मीडिया और ऑडियंस हैं। मीडिया स्टार किड्स के बारे में जो भी दिखाती है उसे ऑडियंस बड़ी दिलचस्पी से देखते है, जिससे फिल्म इंडस्ट्री के लोगों को लगने लगता है कि ऑडियंस की दिलचस्पी स्टार किड्स में ज्यादा है तो उनके साथ फिल्म करना ज्यादा सही रहेगा। मुझे लगता है कि ये एक सर्कल है। कृति सेनन ने कहा कि अगर आपके अंदर टैलेंट है तो आप कुछ भी कर सकते हो। अगर आप टैलेंटेड नहीं हैं और ऑडियंस से कनेक्ट नहीं कर पा रहे है तो आप कुछ नहीं कर सकते।

### फिल्मी बैकग्राउंड नहीं होने से होती हैं मुश्किल

कृति सेनन ने आगे कहा- जब आप फिल्म इंडस्ट्री के बैकग्राउंड से नहीं होते तो काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हर चीज में थोड़ा स्ट्रगल है। हालांकि, अगर अच्छे से मेहनत करते हैं तो सक्सेस मिल जाती है।

### 2014 में किया बॉलीवुड में डेब्यू

कृति सेनन हाल ही में दो पत्ती में नजर आई थीं। फिल्म में उनके साथ शहीर शेख और काजोल भी अहम भूमका में थे। बता दें, कृति सेनन ने साल 2014 में फिल्म हीरोपंती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

## वेब सीरीज चिट्टा चिट्टा वे से दो साल बाद वापसी कर रही हैं दलजीत कौर

एक्ट्रेस दलजीत कौर दो साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं। आखिरी बार वह टीवी शो ससुराल गेंदा फूल 2 में नजर आई थीं। अब वह जल्द ही वेब सीरीज चिट्टा वे में दिखाई देंगी, जिसमें वह एक ड्रग एडिक्ट का किरदार निभा रही हैं। बातचीत में दलजीत ने अपनी वापसी, नई वेब सीरीज और आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में खुलकर बात की।

### इस रोल के लिए शुरू में थोड़ी हिचकिचाई

मुझे यह रोल तब मिला, जब मेकर्स को एक सिंपल और रियल दिखने वाले चेहरे की जरूरत थी। कहानी पंजाब के छोटे से गांव की है। उन्हें ऐसा चेहरा चाहिए था जो वहां के माहौल में फिट हो सके। भले ही मैं पंजाबी में बहुत फ्लूएंट नहीं हूं, लेकिन मेरी मम्मा पंजाबी बोलती हैं, जिससे मुझे भाषा को समझने और किरदार को अपनाने में थोड़ी मदद मिली। जब मुझे इस रोल के लिए अप्रोच किया गया, तो शुरुआत में मुझे थोड़ी हिचकिचाहट हुई। कहानी ड्रग्स पर आधारित है और बहुत डार्क और इमोशनल है। मैंने सोचा कि क्या मैं इतनी स्ट्रॉन्ग और इमोशनल कहानी निभा पाऊंगी। लेकिन मेकर्स ने मुझ पर भरोसा जताया और कहा कि उन्हें एक ऐसा एक्टर चाहिए जो न सिर्फ इमोशन्स दिखा सके बल्कि किरदार की मजबूती को भी पर्दे पर उतार सके। इस किरदार में बहुत गहराई है और कहानी सिर्फ उस लड़की के स्ट्रगल की नहीं है, बल्कि उसके साहस और बदलाव की भी है। मुझे खुशी है कि मेकर्स ने मुझे इस किरदार के लिए चुना।



## बॉलीवुड में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से खुश हैं माधुरी

माधुरी दीक्षित ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में एक अतुलनीय योगदान दिया है। दिग्गज अभिनेत्री का मानना है कि 80 और 90 के दशक के बाद से बॉलीवुड में बहुत कुछ बेहतर हुआ है। माधुरी ने याद किया कि पहले फिल्म सेट पर केवल महिला कलाकार और उनके हेयरड्रेसर ही हुआ करते थे, लेकिन अब हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

### महिलाओं की बढ़ी भागीदारी

अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में बताया, महिलाओं ने एक लंबा सफर तय किया है, यह छोटे-छोटे कदम हैं। जब मैं 80 और 90 के दशक में काम करती थी, तो सेट पर केवल मैं, मेरी सह-कलाकार जो महिलाएं होती थीं या हेयरड्रेसर होती थीं। आज, जब मैं किसी सेट पर जाती हूं तो डीओपी से लेकर एडी, लेखक और एक्शन मास्टर तक हर जगह महिलाएं हैं। मैं सोच भी नहीं सकती थी कि वह इस क्षेत्र में होंगी, जो आश्चर्यजनक है।

### महिलाएं बन रहीं निर्माता

अभिनेत्री ने धीरे-धीरे हुए इस बदलाव की सराहना की और कहा कि महिलाएं अब अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाने लगी हैं और अब वह फिल्मों का निर्माण भी कर रही हैं। अभिनेत्री ने कहा, हम महिलाओं को एक्शन भूमिकाओं में भी देख रहे हैं, जो आश्चर्यजनक है। जैसे गुलाब गैंग में मैंने एक्शन भूमिका निभाई थी और वह फिल्म महिला-केंद्रित थी, लेकिन हमें ज्यादा व्यावसायिक फिल्में बनाने की जरूरत है, जो महिला-केंद्रित हों, यह धीरे-धीरे होगा। बहुत सी महिला अभिनेता निर्माता बन रही हैं, अगर वह अपनी तरह की फिल्में बनाना चाहती हैं, जो आश्चर्यजनक है और उन्हें और पॉवर मिलनी चाहिए।

### अलग भूमिकाओं की तलाश में माधुरी दीक्षित

माधुरी दीक्षित को हाल ही में भूल भुलैया 3 में देखा गया, जिसमें कार्तिक आर्यन, तृप्ती डिमरी और विद्या बालन भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित यह फिल्म भूल भुलैया फेंचाइजी की तीसरी किस्त है और 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि वह अलग-अलग तरह की रोमांचक भूमिकाओं की तलाश में हैं।





## बॉलीवुड वाइव्स की जिंदगी दिखाएंगे मधुर भंडारकर

मशहूर बॉलीवुड निर्देशक मधुर भंडारकर अपनी खास तरह की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। वह अक्सर वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित हो कर फिल्मे बनाते हैं, जो लोगों को काफी कठोर महसूस होती हैं। फैशन, हीरोइन और पेज 3 जैसी कई अन्य फिल्मों के लिए लोकप्रिय मधुर ने हाल में ही आगामी फिल्म को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि उनकी अगली फिल्म वाइव्स ऑफ बॉलीवुड है, जो बॉलीवुड की पत्नियों की असल जिंदगी के बारे में है। इस बातचीत के दौरान निर्देशक ने कहा कि ये फिल्म मनोरंजन जगत के लोगों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। इस दौरान अपनी फिल्मों से जुड़ी दर्शकों की उम्मीदों को लेकर कहा, मेरे दर्शकों को मुझसे विशेष उम्मीदें हैं। वे अच्छी तरह से जानते है कि अगर मैं किसी फिल्म पर काम कर रहा हूं, तो मैं अपनी फिल्म के जरिए किसी खास विषय पर खुलासा करूंगा। इसके अलावा जब भी मैं लोगों से बात करते हुए देखा जाता हूं, तो वे मान लेते है कि मैं अपनी रिसर्च कर रहा हूं,क्योंकि मैं शायद उस विषय पर फिल्म बना रहा हूं।

### बॉलीवुड की पत्नियों की जिंदगी दिखाएगी फिल्म

निर्देशक ने आगे कहा कि जब भी वो किसी विषय पर फिल्म बनाने का फैसला करते हैं, तो उससे संबंधित हर छोटे-बड़े विवरणों में जाते हैं। उन्होंने कहा, इस बार, मेरी अगली फिल्म बॉलीवुड की पत्नियों की असल जिंदगी के बारे में है। मैंने अपनी अगली फिल्म का नाम वाइव्स ऑफ बॉलीवुड रखने का फैसला किया है। यह नाम मेरे पास काफी समय से है। उन्होंने कहा कि उन्हें हमेशा से इस विषय से लगाव रहा है और उन्हें लगता है कि यह उनके दर्शकों के लिए भी दिलचस्प होगा। एक मेगा-सुपरस्टार की पत्नी होना इतना आसान नहीं है, इसमें कई सारे परतें होती हैं। दर्शकों को इससे उनके बारे में बहुत कुछ जानने को मिलेगा।

### फिल्म इंडस्ट्री से समर्थन की उम्मीद

मधुर भंडारकर ने आगे बताया कि उनके पास इसकी एक मैराथन स्क्रिप्ट है। वह इसमें कई बार बदलाव कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये फिल्म निश्चित रूप से दर्शकों के लिए आंखे खोलने वाली होगी। हालांकि, वह इसे लेकर संदेह में हैं कि फिल्म इंडस्ट्री इस विषय पर कैसी प्रतिक्रिया देगी, क्योंकि यह बहुत गंभीर और कठोर फिल्म होगी। निर्देशक ने कहा,मैंने बहुत सारी वास्तविक बॉलीवुड पत्नियों से प्रेरणा ली है और उसमें कल्पना को जोड़ा है। यह सुनिश्चित भी किया है कि यह वास्तविकता के करीब रहे। निर्देशक ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जिस तरह से उनकी फैशन, पेज 3 और कॉर्पोरेट जैसी अन्य फिल्मों को इंडस्ट्री के लोगों ने सराहा था, उसी तरह वे वाइव्स ऑफ बॉलीवुड की भी सराहना करेंगे।

## एलिस कौशिक ने अपने रिश्ते पर की खुलकर बात

टीवी शो बिग बॉस 18 से एलिस कौशिक के एलिमिनेशन के बाद उन्होंने खुलकर अपने अनुभव साझा किए और बताया कि उन्हें पहले से ही यह एहसास था कि वह घर से बाहर होने वाली हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए एलिस ने कहा, मुझे जब भी ऐसी कोई फीलिंग आती है तो वह सही होती है। इस बार भी मैंने खुद के साथ ऐसा महसूस किया था, इसलिए मैंने अपना नाम लिया था। बिग बॉस 18 में एलिस की लव लाइफ भी काफी सुर्खियों में रही थी। बातचीत में अपनी लव लाइफ पर पूछे गए सवाल के जवाब में एलिस ने कहा, मुझे अपने रिश्ते पर पूरा विश्वास है, इसलिए मुझे बाहर आने के बाद इस पर किसी प्रकार की स्पष्टता की आवश्यकता नहीं थी। उस समय जो छोटी सी बात इंटरव्यू में निकाली गई थी, वह मुझे भावुक कर गई थी, लेकिन अगले दिन से मैंने इसका जिक्र तक नहीं किया, क्योंकि मुझे अपने रिश्ते पर पूरा यकीन है। एलिस ने पैनिक अटैक पर भी अपनी बात रखी। अविनाश के एलिमिनेशन के बाद आए पैनिक अटैक पर एलिस ने कहा, यह बहुत दुख की बात है कि इसका मजाक उड़ाया गया। मैं दुनिया में अकेली नहीं हूं जिसके साथ ऐसा होता है। मुझे जब पैनिक अटैक आता है तो मैं कांपने लगती हूं।





# ऐसे कीजिए प्रार्थना ईश्वर जल्द सुनेंगे

जब हम अंदर से भरपूर होते हैं, तब हमें किसी की भी कोई मदद की आवश्यकता नहीं रहती, परंतु ज्यों ही हमारा स्टॉक खत्म हो जाता है, त्यों ही हम एक असहाय बच्चे की तरह अपने दोनों हाथ जोड़कर ईश्वर से प्रार्थना करने लगते हैं।

संसार में ऐसा कोई भी मनुष्य प्राणी नहीं होगा जो प्रार्थना न करता हो। अमीर, गरीब, छोटे,बड़े जो भी हैं, वे सभी प्रार्थना अवश्य करते हैं, मगर हममें से अधिकांश लोग दुःख की घड़ी में प्रार्थना ज्यादा करते हैं, इसलिए ही तो संत कबीर जी ने यह कहा है कि...

**दुख में सुमिरन सब करे, सुख में करै न कोय।**
**जो सुख में सुमिरन करे दुख काहे को होय॥**

वास्तव में देखा जाए तो ऐसा ही है, क्योंकि जब हम अंदर से भरपूर होते हैं, तब हमें किसी की भी कोई मदद की आवश्यकता नहीं रहती, परंतु ज्यों ही हमारा स्टॉक खत्म हो जाता है, त्यों ही हम एक असहाय बच्चे की तरह अपने दोनों हाथ जोड़कर ईश्वर से प्रार्थना करने लगते हैं।

अनुभव के आधार परऐसा अनेक बार देखा गया है कि सच्चे हृदय से यदि भगवान की प्रार्थना की जाती है तो अपना इच्छित मनोरथ व कार्य जरूर पूरा होता है।

इसके पीछे का अध्यात्मिक रहस्य यह है कि प्रार्थना करने वाले को यह विश्वास रहता है कि परमात्मा ऐसा शक्तिशाली है कि वह आसानी से मेरी इच्छा को पूरा करेंगे ही। इसके साथ-साथ वह यह भी सोचता है कि मैं अपने अन्तःकरण का श्रेष्ठतम भाग, श्रद्धा,विश्वास, परमात्मा पर आरोपण करते हुए सच्चे हृदय से प्रार्थना कर रहा हूं।

इसलिए मेरी पुकार सुनी जाएगी। मनोचिकित्सकों के अनुसार कोई भी मनुष्य जब अपनी मानसिक स्थिति ऐसी बना ले कि मेरा मनोरथ सफल होने की पूरी आशा, पूरी संभावना है ही, तो अधिक मौकों पर उसके मनोरथ पूरे हो ही जाते हैं, क्योंकि आशा और संभावनामयी मनोदशा के कारण मनुष्य की शारीरिक और मानसिक शक्तियां असाधारण रूप से जाग उठती हैं जिसके फलस्वरूप सफलता का मार्ग बहुत आसान बनता जाता है और प्रायः वह प्राप्त भी हो जाता है।

परमात्मा की दृष्टि में सभी प्राणी एक समान हैं, अतः वे समदर्शी कहलाते हैं। किंतु उस समदर्शी को भी विवश होकर एक बार यह कहना पड़ा कि समदर्शी मोहि कह सबकोऊ। सेवक प्रिय अनन्य गति सोऊ॥

अर्थात सभी मुझे समदर्शी कहते हैं, पर मुझे सेवक प्रिय हैं, क्योंकि वह अनन्य गति होता है। इसीप्रकार से विष्णु चतुर्भुज की प्रार्थना में जब भक्तयह कहते हैं कि

**अविनयमपनय विष्णो दमयमनशमय विषयमृगतृष्णाम।**
**भूतदयां विस्तारयतारय संसारसागरत**

तब उनकी यह प्रार्थना में कितनी श्रद्धा, विश्वास एवं नम्रता दिखती है। अब ऐसा कौन मनुष्य होगा जो इस नम्रता परन पिघल उठे? यह तो फिर उस महान विभूति के लिये प्रयुक्त है जो अपनी दयालुता के लिए दया सागर के नाम से विख्यात हैं।

इस प्रार्थना के बाद क्या कोई चिन्ता, दुःख द्वेषादि टिक सकते हैं? बिलकुल नहीं! गीता में प्रभु स्वयंजब यह गारंटी देते हैं कि जो मनुष्य एकमात्र मुझे लक्ष्य मान कर अनन्य-भाव से मेरा ही स्मरण करते हुए कर्तव्य-कर्म द्वारा पूजा करते हैं, जो सदैव निरन्तर मेरी भक्ति में लीनरहता है उस मनुष्य की सभी आवश्यकता और सुरक्षा की जिम्मेदारी मैं स्वयं निभाता हूं,तो फिर उसे न मानने की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

परमात्मा की ओर अपना ध्यान केंद्रित करें- यहां वहां हाथ फैलाने से बेहतर हैं की हम उस एक परमात्मा की ओर अपना ध्यान केंद्रित करें और अपनी हर समस्याओं का समाधान प्राप्त करने के लिए केवल उस एक सर्व शक्तिमान के सामने अपना माथा टेकें। सच्चे हृदय से यदि ईश्वर की प्रार्थना की जाएतो भक्तों की हर इच्छा व मनोरथ वह जरूर पूरी करते हैं।



# बड़े ही विचित्र तरीके से हुआ था राधा का जन्म

पुराणों में वर्णित है कि एक बार गोलोक में किसी बात पर राधा और श्रीदामा नामक गोप में विवाद हो गया। श्रीराधा ने उस गोप को असुर योनि में जन्म लेने का श्राप दिया। तब उस गोप ने भी श्रीराधा को यह श्राप दिया कि आपको भी मानव योनि में जन्म लेना पड़ेगा। वहां गोकुल में श्रीहरि के ही अंश महायोगी रायाण नामक एक वैश्य होंगे। आपका छाया रूप उनके साथ रहेगा। भूतल पर लोग आपको रायाण की पत्नी ही समझेंगे, श्रीहरि के साथ कुछ समय आपका विछोह रहेगा। ब्रह्म वैवर्त पुराण के अनुसार जब भगवान विष्णु के श्रीकृष्ण अवतार का समय आया तो उन्होंने राधा से कहा कि तुम जल्द ही वृषभानु के घर जन्म लो। श्रीकृष्ण के कहने पर ही राधा ब्रज में वृषभानु वैश्य की कन्या हुई। राधा देवी अयोनिजा यानी माता के गर्भ से उत्पन्न नही हुई थीं उनकी माता ने गर्भ में वायु को धारण कर रखा था। उन्होंने योगमाया की प्रेरणा से वायु को ही जन्म दिया परंतु वहां स्वेच्छा से श्रीराधा प्रकट हो गई।




# तीर्थ यात्रा करते वक्त ध्यान रखनी चाहिए ये 5 बातें

**तीर्थ दर्शन की परंपरा काफी पुराने समय से चली आ रही है। मान्यता है कि तीर्थ यात्रा से जाने-अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिल जाती है। साथ ही, अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। यदि आप भी किसी तीर्थ स्थान पर जाना चाहते हैं तो यहां जानिए 5 ऐसी बातें जो यात्रा में ध्यान रखना चाहिए**

- तीर्थ क्षेत्र में जाने पर मनुष्य को स्नान, दान, जप आदि करना चाहिए। अन्यथा वह रोग एवं दोष का भागी होता है।
- अन्यत्र हिकृतं पापं तीर्थ मासाद्य नश्यति। तीर्थेषु यत्कृतं पापं वज्रलेपो भविष्यति। इस श्लोक का अर्थ यह है कि किसी दूसरी जगह किया हुआ पाप तीर्थ में जाने से नष्ट हो जाता है, लेकिन तीर्थ में किया हुआ पाप कभी नष्ट नहीं हो पाता है। अत: तीर्थ क्षेत्र में कोई अधार्मिक कर्म नहीं करना चाहिए।
- जब कोई व्यक्ति अपने माता-पिता, भाई, परिजन अथवा गुरु को पुण्य फल दिलवाने के उद्देश्य से तीर्थ में स्नान करता है, तब स्नान करने वाले व्यक्ति को पुण्य फल का बारहवां भाग प्राप्त होता है।
- जो व्यक्ति दूसरों के धन से तीर्थ यात्रा करता है, उसे पुण्य का सोलहवां भाग प्राप्त होता है।
- जो व्यक्ति किसी दूसरे कार्य से तीर्थ में जाता है तो व्यक्ति को तीर्थ जाने का आधा पुण्य फल प्राप्त होता है।

# इस कारण स्त्रियां कभी नहीं फोड़ती है नारियल!

नारियल को श्रीफल के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है की जब भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर अवतार लिया तो ये अपने साथ तीन चीजें- लक्ष्मी, नारियल का वृक्ष तथा कामधेनू लाए इसलिए नारियल के वृक्ष को श्रीफल भी कहा जाता है। श्री का अर्थ है लक्ष्मी अर्थात नारियल लक्ष्मी व विष्णु का फल। नारियल में त्रिदेव अर्थात ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना गया है। श्रीफल भगवान शिव का परम प्रिय फल है। मान्यता अनुसार नारियल में बनी तीन आंखों को त्रिनेत्र के रूप में देखा जाता है। श्रीफल खाने से शारीरिक दुर्बलता दूर होती है। इष्ट को नारियल चढ़ाने से धन संबंधी समस्याएं दूर हो जाती हैं। भारतीय पूजन पद्धति में नारियल अर्थात श्रीफल का महत्वपूर्ण स्थान है। कोई भी वैदिक या दैविक पूजन प्रणाली श्रीफल के बलिदान के बिना अधूरी



मानी जाती है। यह भी एक तथ्य है कि महिलाएं नारियल नहीं फोड़ती। श्रीफल बीज रूप है, इसलिए इसे उत्पादन अर्थात प्रजनन का कारक माना जाता है। श्रीफल को प्रजनन क्षमता से जोड़ा गया है। स्त्रियां बीज रूप से ही शिशु को जन्म देती हैं और इसलिए नारी के लिए बीज रूपी नारियल को फोड़ना अशुभ माना गया है। देवी-देवताओं को श्रीफल चढ़ाने के बाद पुरुष ही इसे फोड़ते हैं। शनि की शांति हेतु नारियल के जल से शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करने का शास्त्रीय विधान भी है। भारतीय वैदिक परंपरा अनुसार श्रीफल शुभ, समृद्धि, सम्मान, उन्नति और सौभाग्य का सूचक माना जाता है। किसी को सम्मान देने के लिए ऊनी शॉल के साथ श्रीफल भी भेंट किया जाता है। भारतीय सामाजिक रीति-रिवाजों में भी शुभ शगुन के तौर पर श्रीफल भेंट करने की परंपरा युगों से चली आ रही है। विवाह की सुनिश्चित करने हेतु अर्थात तिलक के समय श्रीफल भेंट किया जाता है। बिदाई के समय नारियल व धनराशि भेंट की जाती है। यहां तक की अंतिम संस्कार के समय भी चिता के साथ नारियल जलाए जाते हैं। वैदिक अनुष्ठानों में कर्मकांड में सूखे नारियल को वेदी में होम किया जाता है।

श्रीफल कैलोरी से भरपूर होता है। इसकी तासीर ठंडी होती है। इसमें अनेक पोषक तत्व होते हैं। इसके कोमल तनों से जो रस निकलता है उसे नीरा कहते हैं उसे लज्जतदार पेय माना जाता है। सोते समय नारियल पानी पीने से नाड़ी संस्थान को बल मिलता है तथा नींद अच्छी आती है। इसके पानी में पोटेशियम और क्लोरीन होता है जो मां के दूध के समान होता है। जिन शिशुओं को दूध नहीं पचता उन्हें दूध के साथ नारियल पानी मिलाकर पिलाना चाहिए। डि-हाइड्रेशन होने पर नारियल पानी में नींबू मिलाकर पिया जाता है। इसकी गिरी खाने से कामशक्ति बढ़ती है। मिश्री संग खाने से गर्भवती स्त्री की शारीरिक दुर्बलता दूर होती है तथा बच्चा सुंदर होता है।

# घर के नजदीक हो ये पेड़-पौधे तो अवश्य करें पूजा होते हैं ढेरों लाभ

**प्राचीनकाल से सनातन संस्कृति में पेड़-पौधों का पूजन होता आया है। ज्योतिष और वास्तु विद्वान भी मानते हैं की इनके पूजन करने से जीवन में आ रही बहुत सारी बाधाओं से मुक्ति पाई जा सकती है। कुछ ऐसे पेड़-पौधे होते हैं, जिन्हें घर में अवश्य रोपित करना चाहिए। यदि आपके घर में स्थान न हो तो आसपास भी ये दिखें तो अवश्य इनका पूजन करें। इससे आपको ढेरों लाभ प्राप्त होंगे।**

## तुलसी



विष्णु प्रिया हर हिंदू घर में विराजित होनी चाहिए। यदि आपके घर में नहीं हैं तो आज ही ले आएं। सुबह-शाम इन्हें जल अर्पित कर दीपदान करना चाहिए। जिस घर में ऐसा होता है वहां कभी किसी चीज का अभाव नहीं रहता।

## पीपल



इस पेड़ को घर में नहीं लगाना चाहिए और न ही इसकी छाया आपके आशियाने पर पड़नी चाहिए। घर से थोड़ी दूरी पर रोपित इस पेड़ का पूजन अवश्य करें। पीपल को जल से सींचने पर सभी पापों का जहां नाश हो जाता है वहीं पितर भी प्रसन्न होकर जीव पर कृपा करते हैं।

## बिल्व



भगवान शिव के प्रिय बिल्व वृक्ष को काटने से वंश का अंश समाप्त हो जाता है और उसे लगाने से वंश में वृद्धि होती है। बिल्व पत्र के अभाव में शिव पूजा अधूरी रहती है। नौकरी में प्रमोशन पानी हो या दुख-दर्द से छुटकारा, करें इस पेड़ की पूजा।

## केला

घर में केले का पेड़ ईशान कोण में लगाने से धन वृद्धि होती है। यदि इसके साथ तुलसी का पौधा भी रोपित कर दिया जाए तो घर-परिवार पर श्रीविष्णु-लक्ष्मी की कृपा सदा बनी रहती है।

## बरगद

बरगद का पूजन करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि सदा बनी रहती है।

## आंवला

प्रतिदिन इसका पूजन करने से जाने-अनजाने किए गए पापों से मुक्ति मिलती है।

## शमी

घर में शमी का पेड़ लगाने से दैवीय कृपा बनी रहती है।

## अशोक

ये पेड़ जीवन से हर शोक का नाश करता है। जो लोग प्रतिदिन अशोक के पेड़ पर जल अर्पित करते हैं उन पर दैविय कृपा बनी रहती है। उन्हें बीमारी, दुख, अशान्ति जैसी चिंताएं छू भी नहीं पाती।



## युवा महोत्सव के लिए पंजीयन प्रारम्भ

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** ब्लॉक में राज्य युवा महोत्सव 2024-25 के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। इस महोत्सव में भाग लेने के लिए 15 से 29 आयु वर्ग के सभी युवाओं के पंजीयन कराए जा सकते हैं। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि राजस्थान युवा बोर्ड की ओर से राज्य युवा महोत्सव कई चरणों में आयोजित किया जा रहा है।जिसकी शुरुआत ब्लॉक स्तर से की जाएगी। ब्लॉक स्तर पर चयनित विजेता जिला स्तर पर तथा जिले में चयनित विजेता संभाग स्तर पर भाग लेंगे। संभाग में विजेता राज्य युवा महोत्सव में भाग ले सकते है।बिजौलियां ब्लॉक में यह आयोजन 7 दिसंबर को होगा।

## सीएलजी की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** सोमवार को थाना परिसर में सीएलजी की बैठक आयोजित हुई। बैठक का आयोजन पुलिस उपअधीक्षक जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं थानाधिकारी भारत सिंह के सानिध्य में ग्राम रक्षक दल एवं व्यापार मण्डल की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शांति एवं कानून व्यवस्था के साथ रात्रि ग्रस्त पर चर्चा की गई जिसमें किरायेदारों का सत्यापन तथा ट्रैफिक प्रबंधन, पुलिस मित्रों की भूमिका आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में वृता अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी दोनों में विशेष अभियान चलाकर ट्रॉपिक व्यवस्था सुधारने के पूरे प्रयास किए जाएंगे।

## फूड प्वाइजन से छात्राओं की बिगड़ी तबीयत



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)** जिला मुख्यालय के चकेरी गांव स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की करीब 10,12 छात्राओं की फूड प्वाइजन से अचानक तबीयत खराब हो गई । गंभीर तबीयत खराब हुई छात्राओ को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां छात्रों का जिलाअस्पताल में उपचार जारी है। वही एक छात्रा ने बताया कि आज सुबह खाना खाने पर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में वार्डन को खाने में बदबू आने की बात कही लेकिन वार्डन ने ध्यान नहीं दिया। आज सुबह का खाना खाने पर आवासीय छात्रावास में खाना खाने के बाद फूड प्वाइजन होने की बात सामने आरही है। लेकिन विद्यालय प्रशासन इस बात से इनकार करता नजर आ रहा है। की खाना खाने से ही फूड पॉइजनिंग हुई है। हालांकि पूरे मामले की जांच के बाद ही खुलासा हो सकेगा कि आखिर किस कारण से छात्राओं की तबियत बिगड़ी है। फिलहाल छः छात्रों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

## जिले के अधिशेष हुए उर्दू अध्यापकों को उर्दू के रिक्त पदों पर समायोजन किया जाने बाबत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रभान चौधरी, रणजीत सिंह मीणा, जिला अध्यक्ष भगवान सिंह मीणा ने आज शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार को पत्र भेजकर मांग की धौलपुर जिले में अल्पसंख्यक बहुत मात्रा में निवास करते है एवं अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में अध्ययनरत करा रहे है जिनकी मातृभाषा उर्दू है स्कूल में उर्दू विषय ले रखी है और आगे की पढ़ाई में भी उर्दू विषय के साथ करना चाहते हैं मगर धौलपुर जिले के स्कूल में उर्दू विषय अध्यापक के पद रिक्त है बिना उर्दू अध्यापक की वजह से उन्हें पढ़ने में परेशानी आती है माननीय महोदय जी से निवेदन करते हैं कि अभी हाल ही में उर्दू अध्यापक अपने-अपने विद्यालय से अधिशेष हुए उनका समायोजन उर्दू के रिक्त पदों पर किया जाए धौलपुर जिले के निम्नलिखित स्कूल में अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र के विद्यालय में उर्दू संकाय खुले हुए हैं और स्कूल के छात्र छात्राओं ने उर्दू विषय का चयन भी कर रखा है मगर स्कूल में पढ़ाने का इंतजाम कुछ भी नहीं है उस समय बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है अतः सभी परेशानियां को ध्यान रखते हुए उर्दू अध्यापकों को उर्दू के पदों पर समायोजन करने की कृपा करें । धौलपुर जिले में निम्नलिखित स्कूल जहां पर उर्दू के पद रिक्त हैं, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में आ रहे धौलपुर स्कूल में उर्दू अध्यापकों का समायोजन करने की मांग की। इस अवसर पर गंगाराम गुर्जर, भारत गुर्जर,चौलसिंह, मनीष, राकेश प्रजापति, मनोज पोसवाल, जावेद बेग, तमन्ना अख्तर उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पी.एम.स्वनिधि) योजना के तहत पखवाड़ा 9 दिसम्बर तक

**जयपुर(निसं.)।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पी.एम.स्वनिधि) योजना के क्रियान्वयन में गति लाने के उद्देश्य से 03 दिसम्बर 2024 से 09 दिसम्बर 2024 तक "स्वनिधि भी, स्वाभिमान भी" पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा। इस पखवाड़े के तहत नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर शिविर लगाया जायेगा जिसमें स्वनिधि से समृद्धि योजनान्तर्गत प्रोफाईलिंग कार्य एवं सरकार की 8 जनकल्याणकारी योजना से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। गौरतलब है कि पूर्व में भी 18 नवम्बर से 02 दिसम्बर तक शिविर लगाया गया था जिसमें लोगों को लाभान्वित किया गया था। उपायुक्त डे-एनयूएलएम ने बताया कि बैंकों में पी.एम.स्वनिधि योजनान्तर्गत लंबित आवेदनों का निस्तारण बैंक वाईज ब्रांच स्तर पर ही शिविर आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि 8 जनकल्याणकारी योजनाओं यथा पी.एम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जन-धन योजना, जननी सुरक्षा योजना, श्रम योगी मान धन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, मातृ वन्दन योजना, बीओसीडब्ल्यू पंजीकरण से लाभान्वित करवाया जायेगा। इसी प्रकार बैकों द्वारा शिविर में 3 दिसम्बर को पंजाब नेशनल बैंक, 4 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, 6 दिसम्बर से 7 दिसम्बर 2024 तक बैंक ऑफ बडौदा एवं 9 दिसम्बर को अन्य शेष बैंक द्वारा किया जायेगा।

# सुमेरपुर में जाम लगने से लोगों को हो रही परेशानी

### शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल, सड़क किनारे खड़े वाहन बने परेशानी का कारण

### दिन बे दिन यातायात व्यवस्था बेहाल, राम भरोसे चल रही व्यवस्था



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** सुमेरपुर शहर एक जाना माना शहर कहलाता है और बहुत बड़ा कस्बा है। लेकिन यहां पिछले कई दिनों से यातायात व्यवस्था राम भरोसे चल रही हैं। मुख्य बाजार से लेकर सड़कों पर आए दिन जाम लगता है जिससे रहागीरों को घंटे पर इंतजार करना पड़ता है तथा परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है। इन दिनों सुमेरपुर शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल होने से आए दिन जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यातायात व्यवस्था बदहाल होने से आए दिन जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यालय पर यातायात व्यवस्था बदहाल होने से आए दिन जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को जवाई बांध रोड से शहर में अंदर जाने वाले मार्ग पर जाम लग गया। जाम के कारण मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम के कारण स्थानीय लोगों, दुकानदार और राहगीरों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के दौरान मौके पर एक भी पुलिसकर्मी नजर नहीं आया,जिसके चलते मुश्किल बढ़ गई।

### शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल

शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों फिर से बिना पटरी के चल रही है। इस संबंध में ट्रेफिक विभाग भी कोई खास कार्यवाही करते नहीं दिख रहा है। ट्रेफिक कर्मियों द्वारा यातायात सुधारने के नाम पर चौराहों पर चालान ही काटकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की इतिश्री कर ली जाती है। जबकि शहर के मुख्य बाजार से लेकर मुख्य रास्तों में बेतरतीब खड़े वाहन मुख्य बाजार की संकड़ी सड़कों पर थ्री व्हीलर,टू व्हीलर बड़े वाहन पर कोई लगाम नहीं कसी जा रही है। जिससे शहर में बदहाल यातायात व्यवस्था से हर कोई परेशान हो गया है। शहर में वाहन खड़े करने को लेकर यह स्थिति है कि वाहन कहीं भी खड़ा कर दो उसे पूछने वाला कोई नहीं है। जवाई बांध रोड,गांधी मूर्ति रोड के साथ मैंन बाजार में हमेशा ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ दी जा रही है, लेकिन इस पर्र ट्रैफिक विभाग सक्रिय नजर नहीं आ रहा है।

### आखिर कब सुधरेगी व्यवस्था

आमजन में अब यह सवाल पैदा हो गया है कि इस व्यापारी नगरी में बिगड़ी यातायात व्यवस्था आखिर कब सुधरेगी। साथ ही ट्रैफिक विभाग सिर्फ चालान काटने पर ध्यान नहीं देकर शहर की मूल यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कब सक्रिय होगा। हर सड़क पर आड़े टेढ़े रास्ते के बीच वाहन खड़े करने से हमेशा जाम लगता है। जिस पर पुलिस प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है,नहीं यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो रही है,सड़कों पर लंबा जाम लगने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रहा है।

### बेतरतीब पार्किंग सबसे बड़ी परेशानी

शहर में यातायात व्यवस्था के बिगड़ने का सबसे बड़ा कारण बेतरतीब पार्किंग व्यवस्था है। यातायात विभाग द्वारा शहर के चौराहों पर तो चालान काटे जा रहे हैं,लेकिन शहर की भीतरी व्यवस्था को लेकर कोई गंभीर नहीं है। शहर में पार्किंग को लेकर यह स्थिति है कि कोई भी अपना वाहन कहीं भी खड़ा कर दे लेकिन उसे पूछने वाला कोई नहीं है। जिसके चलते दिन बे दिन यातायात व्यवस्था बिगड़ती जा रही हैं।

### जवाई बांध रोड पर लगा जाम

जवाई बांध रोड शहर का एक मुख्य सड़क है यहां पर टेंपो स्टैंड,बस स्टैंड, फ्रूट लोरी के साथ मिठाई एवं नाश्ता की दुकान स्थित है। जहां लोग नाश्ता करने जाते हैं तब मोटरसाइकिल व अन्य वाहनो की लंबी लाइन लगने से सड़क पर जाम लगा रहता है,अपना वाहन दुकान के आगे खड़ा कर लेते हैं जिससे हमेशा जाम लगा रहता है। इस पर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिस व्यवस्था लाचार हो रही है।

## परिषद के बेड़े में सेप्टिक टैंक सफाई मशीन शामिल करेने की मांग को लेकर पूर्व पार्षद राजेश वर्मा आयुक्त दिलीप शर्मा को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निसं.)** नगर परिषद चौमूं के बेड़े में शीघ्र सेप्टिक टैंक सफाई मशीन की व्यवस्था करवाए जाने की मांग को लेकर सोमवार को पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा ने नगर परिषद आयुक्त दिलीप शर्मा से भेंटकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्मा ने बताया कि नगर परिषद चौमूं के अंतर्गत निवासरत आमजन को अपने सीवर टैंकों की सफाई करवाने के लिए निजी सीवर टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है। इन निजी टैंकरों द्वारा 1500 से 2000 रुपये प्रति बार सफाई शुल्क वसूल किया जाता है, जो कि आम नागरिकों के लिए एक आर्थिक बोझ है। वर्मा ने बताया कि प्रदेश की कई छोटी नगर पालिकाओं के पास अपने सीयर टैंक उपलका है. जिनसे वहां के नागरिकों को सुविधा प्राप्त होती है। यदि नगर परिषद चौमूं के भी अपने बेड़े में सीवर टैंक शामिल कर लेती है, तो इससे न केवल आमजन को राहत मिलेगी बल्कि नगर परिषद के राजस्व में भी वृद्धि होगी। अतः ज्ञापन के माध्यम से वर्मा ने शर्मा से अनुरोध करते हुए नगर परिषद के बेड़े में शीघ्रता से सीविर टैंक को शामिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने कि मांग की।

## दो दिवसीय सुमेरपूर-शिवगंज दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट का हुआ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** स्थित क्रांति रंग मंच मैदान में सोमवार को दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कालूराम कुम्हार,विशिष्ट अतिथि नरपत सिंह राजपुरोहित नगरपालिका,मीना शर्मा बौर्ड ऑफ डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन (इंडिया) द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रेमचंद सुमन सरंक्षक सामर्थ्य सेवा संस्थान,अशोक एस.पटेल, रामजी चंद्रवाल कोषाध्यक्ष स्पेशल ओलंपिक्स, सुरेखा बहन, उषा अग्रवाल अध्यक्ष सनातन महिला सेवा समिति शिवगंज-सुमेरपूर, उपाध्यक्ष चतर्भुज शर्मा, प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह राणावत, अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा ने माँ सरस्वती प्रतिमा पर द्वीप प्रव्जलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा एवं उनकी टीम द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। उपखंड अधिकारी कालूराम कुमार ने अपने प्रतिवेदन में दिव्यांग खिलाड़ियों का हौसला अफजाई कर कार्यक्रम उद्घाटन की घोषणा की गई और मैदान में पहुंचकर सभी खिलाड़ियों से परिचय कर ध्वजारोहण के साथ खेल की शुरुआत की। खेल की शुरुआत से पहले कुम्हार ने सभी खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नवभारत सेवा चेरिटेबल के सभी सदस्य का सराहनीय सहयोग रहा। क्रिकेट प्रतियोगिता में राजस्थान के कई प्रान्त से 60 दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्स्रद्व कुम्हार द्वारा राजस्थान हेरिकेन्स एवं राजस्थान लेपर्ड में टॉस करवाकर प्राम्भिक मैच की शुरुआत करवाई गई। टॉस राजस्थान हेरिकेन्स ने जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुऐ राजस्थान लेपर्ड टीम ने 15 ओवर में 78 रन बनाये। वही राजस्थान हेरिकेन्स ने 9 विकेट से ये मुकाबला जीता। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रोहन रहे। खिलाड़ियों ओर दर्शकों का उत्साह वर्धन करने के लिए कॉमेंटर भरत कुमार ओर तरुण कुमार ने बहुत ही रोचक तरीके से कॉमेंट्री करते हुऐ सभी का दिल जीता। मंच का संचालन शारीरिक शिक्षक बलवीर सिंह राणावत ने किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भामाशाह एवं श्री सनातन धर्म महिला सेवा समिति शिवगंज-सुमेरपूर का सम्पूर्ण सहयोग रहा।

## भामाशाह द्वारा बालक-बालिकाओं को सर्दी के मौसम में ऊनी जर्सी की वितरित

### जर्सी पाकर खिले बच्चों के चेहरे



जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़(निसं.)।** उपखंड क्षेत्र जमवारामगढ़ के आंधी क्षेत्र की ग्राम पंचायत नीमला मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को भामाशाह द्वारा बालक-बालिकाओं को सर्दी के मौसम को देखते हुए ऊनी जर्सी वितरित की गई। जर्सियां पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर भामाशाह रामफूल सीहरा श्रीरामगोपालपुरा ने विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक पढने वाले करीब 135 बालक-बालिकाओं को जर्सियां वितरित की। भामाशाह रामफूल मीणा ने कहा कि सर्दी के मौसम की शुरुआत हो गई। आगामी दिनों में सर्दी ज्यादा बढ़ने के आसार हैं ऐसे में बच्चों को विद्यालय में आने जाने के लिए सर्दी से बचाव के लिए गर्म वस्त्रों की जरूरत पड़ेगी। गांवों में अनेक परिवार गरीब तबके के भी है जो बच्चों को गर्म वस्त्र दिलवाने में असमर्थ होते हैं।जर्सियां मिलने से बच्चों को सर्दी से राहत मिलेगी। भामाशाह मीणा ने गांवों में रहने वाले समर्थ लोगों से विद्यालयों में बच्चों की सविधा के लिए सहयोग करने की भी अपील की।प्रधानाचार्य रामकिशोर मीणा ने कहा कि भामाशाहों के सहयोग बिना विद्यालय के चहुंमुखी विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। समय-समय पर भामाशाहों द्वारा दिए गए सहयोग से विद्यालय में बच्चों के लिए कई बुनियादी सुविधाएं विकसित हुई है। प्रधानाचार्य रामकिशोर मीणा की अगुवाई में विद्यालय प्रबंधन ने भामाशाह रामफूल सीहरा का साफ़ा बंधवाकर कर स्वागत एवं आभार जताया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य राजकुमार मीणा, रमाकांत शर्मा, व्याख्याता प्रहलाद नारायण मीणा,दिनेश कुमार मीणा, मुकेश कुमार यादव ,आशा शर्मा सहित अन्य शिक्षक एवं ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित




जयपुर टाइम्स

**शाहपुरा(निसं.)।** आईपीएस स्कूल में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में शाहपुरा का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बास्केटबॉल के कोच मनोहर सिंह यादव थे।जबकि विशिष्ट अतिथि गनी मोहम्मद, सुमन राठौर तथा सृष्टि राठौर थी। प्रबंधक रामपाल बिरला, प्रदीप पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके राजस्थान टीम को रजत पदक दिलाने का गौरव हासिल करने वाले रुद्र प्रताप सिंह राठौड़ का भी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रबंधक प्रदीप पारीक ने बताया कि रुद्र प्रताप सिंह बास्केटबॉल में सात बार राज्य स्तर पर तथा तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस दौरान सिल्वर मेडलिस्ट रुद्र प्रताप सिंह को 11000 की प्रोत्साहन राशि का चेक तथा माला पहनकर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य खुशनूर बानू ने बताया कि तैराकी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर मिस्टी शर्मा,पूर्वक्ष शर्मा, लोकेंद्र शर्मा, लोकेंद्र सिंह खांगारोत,अंसिका दाधीच ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाहपुरा का नाम रोशन किया है। संचालन आनंद सिंह राठौड़ ने किया।

### अखिल भारतीय सूत्रकार महासभा के राष्ट्रीय सचिव बने आर्यन



**फुलेरा (निसं.)**अखिल भारतीय सूत्रकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर छत्रपति के निर्देशानुसार राष्ट्रीय संयोजक बीएम रोजडे ने आर्यन बाण्या को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सचिव पद पर मनोनीत किया है । राष्ट्रीय संयोजक बीएम रोजडे बताया कि आर्यन बाण्या गरीब साहब के पर पोते है। तथा बाण्या सामाजिक सरोकार व समाज में अग्रणी भूमिका निभाते हुए गरीब साहब के पद चिन्हो पर चलते हुए समाज में अग्रणी भूमिका निभाई है । उन्होंने बताया की इनके मनोनयन से समाज के लोगों में सामाजिक जागृति लाने में अहम भूमिका रहेगी । आर्यन बाण्या एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ साथ गरीब साहब के वंशज होने के नाते यह जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

### बृजेश का इंस्ताबुल में होगा सम्मान



**बिजौलिया(निसं.)।** कस्बा निवासी बृजेश टेलर को जीवन बीमा योजना में उत्कृष्ट कार्य करने पर तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में 5 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा।बृजेश वर्तमान में कोटा एसबीआई लाइफ के ब्रांच मैनेजर हैं।इस्ताबुल में आयोजित कार्यक्रम में विश्व की सभी बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

No. NIT/2024-25/22004 - 12 Date- 02.12.2024

**ई - निविदा सूचना संख्या 352/2024-25**

निम्नलिखित कार्य के लिये योग्य एवं अनुभवी आर्किटेक्टचरल कन्सलटेन्ट/आर्किटेक्टचरल कन्सलटेन्टसी फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु0 ) |
|---|---|
| Architectural & Engineering Consultancy Service & Detailed Project Report for the Construction of Dedicated Corridor for Devotees to approach the Khatu Shyanji Temple including other Development work. RRC2425SLOB00700 | 21.25 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in,http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक- 3146 - 3158 दिनांक- 25-11-2024

**ई-निविदा सूचना संख्या- 18 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. - PWD2425A2912

| S.No. | UBN NO. | S.No. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425WSOB10659 | 2. | PWD2425WSOB10660 |
| 3 | PWD2425WSOB10661 | 4 | PWD2425WSOB10662 |
| 5 | PWD2425WSOB1063 | 6 | PWD2425WSOB10665 |
| 7 | PWD2425WSOB10666 | | |

DIPR/C/11924/2024

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड चूरू**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 2528-2542 Date :20.11.2024

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 34/2024-25 Rate Contract for Removing of Leakages of Pipe Line, Choke Removing & Water Connection Shifting at various WSS under Ratannagar section urban and rural.PHED churu and Nit no 35/2024- Annual Rate contract for Flushing/Deepening work in existing Tubewell/ DCB of various water supply schemes under PHED Div Churu And Nit no 36/2024-25 Rate Contract for Minor and Major Repair of Hand Pump & removing of abandoned Hand Pump under PHED Div. Churu are invited form interested bidders upto 04-12-2024 (17:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://Eproc.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit No 34/2024-25 Rs. 05.00 Lacs. And Nit No. 35/2024-25 Rs 10.00 Lac. And Nit no 36/2024-25 Rs 02.00 Lac

UBN No. PHE 2425 WSRC 06239 RS 05.00 Lac
UBN No. PHE 2425 WSRC 06242 RS 10.00 Lac
UBN No. PHE 2425 WSRC 06244 RS 02.00 Lac

DIPR/C/11916/2024

**Executive Engineer,**
**PHED Division Churu**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
3 दिसम्बर, 2024

## सोलर कनेक्शन के लिए शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** सहायक अभियंता कार्यालय अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मंडावा कार्यालय में सोलर कनेक्शन रजिस्ट्रेशन के लिए आज कैंप का आयोजन किया जाएगा। जेईएन अजय जांगिड़ ने विद्युत उपभोक्ताओं से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक उपभोक्ता कैंप का फायदा उठाए, कैंप का समय सुबह 11 से अपरान्ह बजे तक रहेगा।

## तिरूपति बालाजी मंदिर में विशाल भजन संध्या व भंडारा आज

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे की सीकर रोड़ नांगल नदी पर स्थित तिरूपति बालाजी मंदिर में कमलदास महाराज की 14 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में मंगलवार रात्रि में विशाल जागरण, संत समागम व विशाल भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के महंत रामनारायणदास त्यागी महाराज ने बताया कि गरीबदास त्यागी महाराज के सानिध्य में विशाल भजन संध्या व संतसमागम में दाऊ धाम के बलदेवाचार्य महाराज, दौसा से शंकरदास महाराज, हाथौज धाम के मंहत बालमकुंद आचार्य महाराज विधायक हवामहल, रामपुरा टीला धाम हरिदास महाराज, फतेहपुर बुधगिरी मढ़ी से दिनेशगिरी महाराज, माधवदास महाराज नृसिंगपुरी, मुकुंदगढ़ अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ महाराज, खासोली धाम नवरत्नगिरी महाराज, शिवमठ धाम से महावीरजति महाराज गाड़ोदा, सीकर पालवास से चन्द्रमादास महाराज, अवधेशाचार्य महाराज लोहार्गल, अन्नपूर्णा आश्रम से अमरदास महाराज रघुनाथगढ़, अश्वनी आचार्य महाराज लोहार्गल, गोविंददास महाराज इन्द्रपुरा, लक्ष्मणगढ़ शिवराजजति महाराज भोजसर धाम, श्याम शरण मनीष महाराज सहित क्षेत्र के संत शिरकत करेंगे।

## ट्रेन के नीचे आने से महिला की मौत



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** लक्ष्मणगढ़ शहर में सोमवार को एक महिला के ट्रेन के नीचे आने का मामला सामने आया है। लक्ष्मणगढ़ - चूरू से जयपुर जाने वाली ट्रेन के नीचे आने से महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 3.30 बजे लक्ष्मणगढ़ स्टेशन से पहले फतेहपुर की ओर अलखपुरा के पास की घटना है। अलखपुरा के पास रुकमणि देवी, पत्नी रामकरण जाट की ट्रेन के नीचे आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतका रुकमणि देवी उपखंड के रीणु गांव की निवासी है। दुर्घटना के बाद ट्रेन से डेड बॉडी को लक्ष्मणगढ़ स्टेशन पर लाया गया जहां पर शव को लक्ष्मणगढ़ पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। लक्ष्मणगढ़ पुलिस ने शव को लक्ष्मणगढ़ जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## दिसम्बर माह का जनसुनवाई कार्यक्रम घोषित

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** जन भावना के अनुरूप पारदर्शी व संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई व त्वरित समाधान के लिए दिसम्बर माह का त्रि स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम घोषित किया गया है, जिसके तहत प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तरीय, द्वितीय गुरूवार को उपखण्ड स्तरीय व तृतीय गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि दिसम्बर माह में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 5 दिसम्बर को, उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई 12 दिसम्बर (पिलानी व सिंघाना में 13 दिसम्बर को) तथा जिला स्तरीय जनसुनवाई 19 दिसम्बर को आयोजित होगी।

## सोलर कैम्प का आयोजन कल

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** अविविनिलि के सहायक अभियंता कार्यालय में 4 दिसम्बर को सोलर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सहायक अभियंता (वितरण) नेमी चंद झाझडिया ने सभी कनिष्ठ अभियंता, फीडर इंचार्ज व कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे उपभोक्ताओं को सोलर कनेक्शन के आवेदन के लिए उपभोक्ताओं को प्रेरित करें।

## जगदम्बा माता मंदिर सागाणा कुआं में विशाल भव्य रात्रि जागरण गुरुवार को

**रावतसर(निसं.)।** जगदम्बा माता मंदिर महोत्सव की 7वीं वर्षगांठ पर विशाल भव्य रात्रि जागरण का आयोजन गुरूवार शाम को सागाणा कुआं, ग्राम पंचायत रामसर कुआं में आयोजित होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महंत जगरामपुरी महाराज पनोणियो का तला का पावन सानिध्य रहेगा। रात्रि जागरण में मुख्य गायक कलाकार शिवपुरी गोस्वामी एण्ड पार्टी द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा शिवगिरी गोस्वामी,खेतगिरी गोस्वामी,तेजगिरी गोस्वामी, जगदीशगिरी गोस्वामी द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### आम सूचना

मैं मेरे अभिभाषक लालचन्द पुत्र किशोरीलाल, जाति धानक, निवासी शिमला तहसील खेतड़ी जिला नीमकाथाना (राज.) के निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य का लड़का प्रदीप और उसकी पत्नी पिंकी सन् 2021 से मेरे अभिभाष्य के कहे में नहीं चल रहे है वह अपने पत्नी पिंकी दोनो मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी हंसा देवी आये दिन आर्थिक व मानसिक रूप से अनेक लज्जित वांछित लगाकर तंग परेशान हैरान अपमानित दुखी करते आ रहे है। आये दिन विभिन्न थानों में झूठे मुकदमें दर्ज करवाते है उनको धमकिया देते रहते है। खुब समझाने के बाद भी नहीं समझते है इसलिए मेरे अभिभाष्य ने तंग परेशान हैरान दुखी होकर अपने पुत्र प्रदीप पुत्रवधु पिंकी को अपनी चल अचल सम्पति से महरूम ( बेदखल) करता है। आज से मेरे अभिभाष्य अपने मानवीय संबंधों को विच्छेअ करता है, आज से मेरे अभिभाष्य अपने पुत्र प्रदीप व पुत्रवधु पिंकी कोई लेन-देन सरोकार नहीं रखेगा। आज के बाद कोई भी व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का समव्यवहार करता है तो वे स्वंय जिम्मेदार होगे उसमें मेरे अभिभाष्य कोई लेन-देन नहीं रहेगा तथा उनके व्यवहार की जिम्मेदारी उसकी स्वंय की होगी एवं वह आज के बाद मेरे अभिभाष्य की चल अचल सम्पति से बेदखल समझे जावेगें ।

भवदीय
मनोज कुमार एडवोकेट
खेतड़ी (राज.)

### सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की बैठक

## संगठन की मजबूती और महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** भाजपा की संगठन पर्व-सदस्यता अभियान बैठक सोमवार को मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी की अध्यक्षता में मुख्य बाजार स्थित श्री रघुनाथजी के मन्दिर में आयोजित की गई। जिसमें में सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण, संगठन की मजबूती, संगठन पर्व सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। मण्डावा प्रभारी मुख्य अतिथि मदनलाल सैनी ने कहा कि संगठन कार्यकर्ताओं के बल पर चलता है। संगठन के दिशा निर्देशों को कार्यकर्ता अच्छी तरह जानते हैं। बूथ समिति अध्यक्ष का निर्वाचन 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक होगा। सदस्यता अभियान निरंतर चलता रहेगा केवल अभियान ही पूरा हुआ है। सभी मंडलों में प्राथमिक सदस्य की सूची व सक्रिय सदस्य की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। मंडल अध्यक्ष की भूमिका में ही बूथ अध्यक्ष के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। बूथों के निर्वाचन में महिलाओं 50 प्रतिशत भागीदारी होना आवश्यक है। सक्रिय सदस्य व प्राथमिक सदस्यों को अपनी अपनी डायरियां जमा कराने के निर्देश दिए। संगठन चुनाव में महिला, एसटी-एससी सहित सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने, संगठन चुनाव निर्धारित समय पर संपन्न कराने का आह्वान किया। भाजपा के पूर्व जिला मंत्री संदीप शर्मा ने कहा कि बूथ अध्यक्ष का चुनाव व पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति सोमवार से होगी। प्रत्येक बूथ में तीन महिलाओं को सदस्य बनाना आवश्यक होगा। बूथ अध्यक्ष की उम्र 25-30 वर्ष की होगी। सर्वसम्मति से होगा बूथ अध्यक्ष का मनोनयन। एस टी, एससी, ओबीसी की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामाजिक समावेश में 11 व्यक्तियों की टीम बनाने और पार्टी का झंडा लगाने के भी निर्देश दिए। मण्डल अध्यक्ष सैनी ने कहा कि प्रदेश की ओर से दिए गए लक्ष्य को कार्यकर्ताओं ने पूरा करने की कोशिश की है। 50 को प्राथमिक सदस्य बनने पर सक्रिय सदस्य बनाया गया। पूर्व भाजपाध्यक्ष विजेन्द्र सैनी ने कहा कि चुनाव ईमानदारी से कराना है। इस चुनाव में किसी भी प्रकार के दबाव, प्रभाव में नहीं आकर पार्टी के प्रति ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने वाले कार्यकर्ता को ही बूथ और मंडल अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से कराने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व पार्षद कैलाश पीपलवा, सुनील सैनी, मदन ढ़ाका, किशोरसिंह राठौड़ एसपी यादव, राजेन्द्र ठेकेदार, गोविन्दराम जोशी, बबलू शर्मा, राजेन्द्रसिंह पंवार, बाबूलाल सैनी, संजय परिहार, सत्यनारायण शर्मा, प्रकाश सोलंकी, बीएस कुमावत, एसएन शर्मा, आलोक शर्मा सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे।

### बुडाना का है मृतक, फिलहाल बीकानेर में रह रहा था

## बुजुर्ग को रोडवेज बस में चढ़ते समय धक्का दिया, गिरने से मौत

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं रोडवेज डिपो में बस से गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। वह चूरू जाने के लिए बस में चढ़ रहा था। इस दौरान भीड़ में धक्का लग गया। जिससे वह नीचे गिर गया। हादसा सोमवार सुबह 11:30 बजे के करीब हुआ। झुंझुनूं रोडवेज डिपो में स्थित पुलिस चौक के इंचार्ज महावीर प्रसाद ने बताया कि मृतक यासिन मोहम्मद(70) पुत्र आलम अली बगड़ थाना क्षेत्र के बुडाना गांव का रहने वाला था। फिलहाल बीकानेर में रह रहा था। सुबह करीब 11:30 बजे चूरू जाने के लिए रोडवेज बस में चढ़ रहा था। इस दौरान भीड़ में धक्का लगने से नीचे गिर गया। अचेत हालत में तुरन्त राजकीय बीडीके अस्पताल लेकर गए। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। मामले की छानबीन कर रहे है। परिजनों को सूचना दे दी थी। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हादसे के मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। झुंझुनूं डिपो मैनेजर गणेश शर्मा ने बताया कि बस चूरू रोडवेज डिपो की बस थी। हादसा के कारणों की जांच पड़ताल करवाई जा रही है।

## सेठ चिरंजीलाल तोलसरिया स्मृति में शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** मंडावा में सेठ चिरंजीलाल तोलासरिया की स्मृति में सातवीं शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उल्लेखनीय है कि कस्बे में इस तरह की यह सातवीं प्रतियोगिता है जिसमें कस्बे के शतरंज प्रेमियों के अलावा बाहर से भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के प्रायोजक विजयशंकर तोलासरिया, शिवशंकर, रविशंकर, सुशील, अरुण, मुकेश, एडवोकेट आदित्य, सीए विकसित, अमन, हर्ष, अभिनव, शुभम तोलासरिया, श्यामसुंदर तोलासरिया, अजय कुमार तोलासरिया परिवार के अलावा मास्टर बजरंग टोडरवास, ज्ञानप्रकाश गोयनका, बाबूलाल कुमावत, सत्यनारायण भीमसरिया, केशरदेव टेलर, जगदीश टेलर, तोलाराम सोनी, अनिल सोनी, श्रवण चौहान, राजेन्द्र आर्य, कपिल सोनी राजकुमार सिंघानिया, महेश टेलर, राकेश सोनी, अनिल जोशी, राजकुमार पारासर सतार राइन कृपाशंकर सीकर, रमेश लावट व कस्बे के प्रबुद्ध नागरिकों, शतरंज प्रेमियों व बाहर से आने वाले खिलाड़ियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस प्रतियोगिता में सीनियर खिलाड़ियों का पहला राउंड होगा। जिसमें कुल 48 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कुल पांच राउंड में होने वाली इस प्रतियोगिता का फाइनल राउंड चार दिसम्बर को होगा जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय अन्य काफी पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात रहे कि मंडावा कस्बे में इस खेल को बढ़ावा देने का श्रेय भी तोलासरिया परिवार को ही है। सेठ चिरंजीलाल तोलासरिया खुद इस खेल के चेम्पियन रह चुके है। उनकी देखरेख में काफी बच्चे शतरंज के अच्छे खिलाड़ी बने, उनकी शतरंज में रुचि को देखते हुए ही उनके परिजन हर वर्ष काफी धूमधाम से इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं।

## शेखावाटी विश्वविद्यालय को मिला राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार

जयपुर टाइम्स

**सीकर/मुंबई।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को मुंबई में आयोजित 31वें बिजनेस स्कूल अफेयर और देवांग मेहता नेशनल एजुकेशन अवार्ड्स में राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार (नेशनल बेस्ट इंस्टीट्यूशन अवार्ड) से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) अनिल कुमार राय ने मुंबई के ताज लैंड्स एंड होटल में आयोजित समारोह में प्राप्त किया। राजस्थान का एकमात्र सरकारी संस्थान जिसे मिला यह पुरस्कार कुलपति प्रोफेसर राय ने बताया कि शेखावाटी विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार अकादमिक उत्कृष्टता, नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्किल-ओरिएंटेड कोर्स की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए दिया गया है। यह राजस्थान के किसी भी सरकारी विश्वविद्यालय को मिला एकमात्र पुरस्कार है, जो संस्थान की कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाता है।

### प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति

इस समारोह में देश के कॉर्पोरेट और शैक्षिक क्षेत्रों की कई प्रमुख हस्तियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन देवांग मेहता फाउंडेशन और बिजनेस स्कूल अफेयर द्वारा किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को बढ़ावा देने वाले संस्थानों को सम्मानित करता है।

सम्मान पर कुलपति का वक्तव्य




कुलपति ने पुरस्कार को पूरे विश्वविद्यालय परिवार की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताते हुए कहा, "यह हमारे शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सामूहिक मेहनत का फल है। यह सम्मान हमें और बेहतर करने की प्रेरणा देगा।"

### अवार्ड समारोह में अन्य पुरस्कार भी वितरित

समारोह में शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले संस्थानों और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ शिक्षाविद, शोधकर्ता और कॉर्पोरेट जगत के विशेषज्ञ शामिल थे। शेखावाटी विश्वविद्यालय के लिए यह उपलब्धि न केवल गर्व का विषय है, बल्कि यह उच्च शिक्षा और नवाचार में क्षेत्रीय नेतृत्व को भी दर्शाती है।

## सीमांत क्षेत्र की योजनाओं को पुनः शुरू करने की मांग - सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल

जयपुर टाइम्स



**रावतसर(निसं.)।** बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने सोमवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत सीमांत क्षेत्रों की बंद हुई योजनाओं को पुनः शुरू करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम (बीएडीपी), पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (बीआरजीएफ) और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) से राजस्थान के सीमावर्ती जिलों को वंचित करना घोर अन्याय है। सांसद ने सदन में कहा कि बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण पिछड़ा हुआ है और सीमावर्ती ढाणियों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। इन क्षेत्रों में जनसंख्या घनत्व कम होने के कारण विकास की गति बेहद धीमी है। पानी, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, सड़क, और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए लोग अब भी संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1993 में शुरू की गई बीएडीपी, 2006 में शुरू हुई बीआरजीएफ और 2022 में शुरू वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम जैसी योजनाओं का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों का संतुलित विकास करना था। इन योजनाओं के तहत आधारभूत ढांचे, आजीविका, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए विशेष केंद्रीय सहायता दी जाती थी। लेकिन बीएडीपी को 2022 और बीआरजीएफ को 2015 में बंद कर दिया गया, जिससे सीमांत क्षेत्रों में विकास रुक गया। बेनीवाल ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर जिलों को शामिल करने की मांग की। उन्होंने इस योजना के तहत 2022-23 से 2025-26 के लिए विशेष बजट स्वीकृत करने और केंद्रीय दल द्वारा जाँच कर रिपोर्ट जारी करने की अपील की। सांसद ने जोर देकर कहा कि इन योजनाओं को फिर से शुरू कर सीमावर्ती क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जाए, ताकि रोजगार के अवसर बढ़ें और राष्ट्र सुरक्षा को मजबूती मिले। उन्होंने सरकार से इन क्षेत्रों के विकास के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की।

## चौधरी रामजी जाखड़ प्रतिमा अनावरण समारोह 15 दिसम्बर को

जयपुर टाइम्स

**रावतसर(निसं.)।** किसान जाग्रति के अग्रदूत, दानवीर, न्यायप्रिय,समाज सुधारक चौधरी रामजी जाखड़ संस्थापक धारासर की प्रतिमा का अनावरण समारोह 15 दिसम्बर रविवार को सुबह दस बजे आयोजित होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि समारोह में श्रीश्री 1008श्री जगदीश पुरी महाराज, महंत डूगरपुरी मठ, चौहटन एवं श्रीश्री 1008महत जगरामपुरी महाराज, महंत पनोणियो का तला का पावन सानिध्य रहेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बद्रीराम जाखड़, पूर्व सांसद पाली, अध्यक्षता हेमाराम चौधरी, पूर्व केबिनेट मंत्री, अतिविशिष्ट अतिथि बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनिवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी, पूर्व केबिनेट मंत्री एवं कद्दावर नेता बायतु विधायक हरीश चौधरी, बाड़मेर विधायक डॉ प्रियंका चौधरी, जिला प्रमुख महेंद्र चौधरी, पूर्व कुलपति गंगाराम जाखड़, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक दिलिप जाखड़, चौहटन प्रधान रूपाराम सारण, सरपंच धारासर अमराराम जाखड़ होगें। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों शोरों से चल रही है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही, 7 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 3 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देषानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में जेके लोन अस्पताल, बांगड़ अस्पताल, एसएमएस अस्पताल, नारायण सिंह सर्किल, राजस्थान यूनिवर्सिटी, गौनेर रोड़ जगतपुरा, 26 सेक्टर प्रताप नगर तथा जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए जगतपुरा जोन क्षेत्र में 07 नंबर चौराहा से महल रोड़ अक्षय पात्र तक स्थाई अतिक्रमण एवं अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 7 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 03 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में जेके लोन अस्पताल, बांगड़ अस्पताल, एसएमएस अस्पताल, नारायण सिंह सर्किल, राजस्थान यूनिवर्सिटी, गौनेर रोड़ जगतपुरा, 26 सेक्टर प्रताप नगर तथा जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए जगतपुरा जोन क्षेत्र में 07 नंबर चौराहा से महल रोड़ अक्षय पात्र तक स्थाई अतिक्रमण एवं अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 03 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 7 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## स्काउट गाइडस ने लिया साहसिक गतिविधियों में भाग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय चूरू के तत्वाधान में जिला स्तरीय स्काउट गाइड डायमंड जुबली मिनी जम्बुरी आयोजन चौथे दिन प्रातः कालीन सत्र में मुख्य अतिथि रामजस लिखला सहायक राज्य संगठन आयुक्त मंडल मुख्यालय बीकानेर की ओर से ध्वजारोहण कर प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर लिखला ने कहा कि बीकानेर संभाग के विभिन्न जिलों में प्रतियोगिताएं व जिला जम्बुरी का आयोजन हो रहा है। चुरू जिले की जिला जंबूरी में सभी व्यवस्थाएं माकूल है व उच्चतर स्थान है। संख्या की दृष्टि से संभाग में प्रथम स्थान है। बहुत बड़ी संख्या में स्काउट गाइड ने भाग लिया है। स्काउट गाइड सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा में सहयोग प्रदान करता है और देश के प्रति समर्पण का भाव रखता है। सीओ स्काउट महीपाल सिंह बताया कि सोमवार को जंबूरी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का जैसे झांकी प्रदर्शन, फूड प्लाजा एडवेंचर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिताओं का आदि का आयोजन हुआ। संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने बताया कि आज स्काउट गाइड ने साहसिक गतिविधि में बढ़-चढ़कर के भाग लिया। एडवेंचर बेस व फैन बेस बनाए गए। जैसे तिरंदाजी शूटिंग, मंकी ब्रिज, साइकिलिंग टायर, चिमनी कमांडो, ब्रिज मंकी, क्रोउलिंग, बैलेंसिंग रेलिंग आदि प्रतियोगिताओं के बेस बनाए गए। एडवेंचर गतिविधि का संतोष महर्षि जिला शिक्षा अधिकारी, चूरू के डॉ सुमन जाखड़, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तारानगर रेवंतराम पड़ीहार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कर विजेंद्र दाधीच सहायक निदेशक शिक्षा विभाग चूरू आदि ने निरीक्षण किया । रात्रि को शिविर ज्वाला का कार्यक्रम आयोजित है। प्रत्येक राजस्थानी सिंगर लोग लाइन लोक नृत्य आदि की प्रस्तुति दी जाएगी। बहुत ही शानदार रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। स्काउट गाइड लोकतंत्र का प्रदर्शन करते हुए अपनी सरकार कला कौशल का प्रदर्शन करेंगे। निर्णायक की भूमिका में सत्यनारायण स्वामी, सुरेश चंद्र शर्मा, मदन सिंह रायका, गोविंद प्रसाद गौड़, विनोद कुमार मीणा, इंदुबाला वर्मा, निशा माली, सरोज पारीक, ललित वर्मा, सम्पत रैगर, नरेश राय, अरुणा शर्मा, राजेश बसेरा, मीनाक्षी अग्रवाल, मनीराम स्वामी, नारायण लाटा, मदन सिंह रायका, अजीत सिंह, राजेश बसेरा, रतनलाल घिंटाला, बलवंत सिंह, कैन्यालाल आदि की ओर से निर्णायक की भूमिका निभाई जा रही है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
3 दिसम्बर, 2024

# रतनगढ़ में बुद्ध बिहार बनाने पर बनी सहमति

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** कस्बे के वार्ड नंबर 41 "लाभ निकेतन" पर बौद्ध भिक्षु भंते प्रज्ञा सागर की अध्यक्षता में महामानव तथागत बुद्ध का "बुद्ध विहार" बनाने पर एक मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग में शहर में बौद्धों के उपासना स्थल के लिए एक बुद्ध विहार बनाने पर सहमति बनी। इसके अनुसार अगले वर्ष के शुरुआत तक रत्नधरा बुद्ध विहार निर्माण के लिए भूमि तलाश कर शिल्यानास किया जाएगा और उसे जल्दी ही बुद्ध विहार को पूरा किया जाएगा। एक दूसरे प्रस्ताव में रतनगढ़ प्रशासन से शहर के बीच बाजार के चौराहे का नाम बुद्धा स्कावयर रखने की मांग की जाएगी।मीटिंग में सत्यपाल बौद्ध, सत्यपाल गौतम, डॉ निरंजन चिराणिंया (चूरू), जगदीश प्रसाद भाटी, विष्णु कुमार पंवार, रूपचंद पंवार, लालचंद पूर्व पार्षद ने विचार रखे। मीटिंग में भारत कुमार घोघरे, ललित बौद्ध, आनंद पंवार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 8 से

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गनोड़ रोड़ स्थित किस्तूरनाथ महाराज की बगीची में आगामी 8 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। राजकुमार प्रजापत ने बताया कि सर्वसमाज की ओर से इस कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत रोज दोपहर 12 से चार बजे तक सहजूसर के कथा वाचक बुद्धराम सारस्वत की ओर से भक्तों को कथामृत का पान करवाया जाएगा। प्रजापत ने अधिक से अधिक लोगों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

# *जाकिर हुसैन स्कूल में भामाशाहों ने की कुर्सी-टेबल*

जयपुरटाइम्स

**चूरू(निसं.)।** डॉ. जाकिर हुसैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को विद्यालय में सत्र 2007-08 में अध्ययन कर चुके पूर्व छात्रों की ओर से रामगढ़ शेखावाटी के पूर्व चेयरमेन मुजम्मिल भाटी की प्रेरणा से डॉ. जाकिर हुसैन सी. सै. स्कूल में 40 कुर्सियां और एक टेबल और मदरसा डॉ. जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान चूरू में भी 10 कुर्सियों व एक मेज प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अनीस खान रहे। इस अवसर पर पूर्व छात्र मोहम्मद शाहिद खान, नदीम चौहान, राशिद भाटी, इकरार खान, युनुस कुरैशी, राशिद बहलिम, सद्दाम हुसैन, अल्ताफ राणासर, रोशन पिथीसर, सलीम गुर्जर, नुरुल हसन, अब्दुल्लाह बड़गुर्जर, साजिद राजगढ़िया व परवेज कुरैशी उपस्थित रहे। डॉ. जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान की ओर से संस्था अध्यक्ष डॉ. मुमताज अली कुरैशी, निदेशक जनाब सलामुदीन खान, प्रचार सचिव हाजी अहमद हुसैन चौहान व प्रधानाचार्य मोहम्मद इद्रीस खत्री ने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।

# विमुक्त व अर्द्ध घुमंतू जातियों के शिविर में 50 आवेदन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से नगरपरिषद में विमुक्त घुमन्तू व अर्द्ध घुमन्तु जातियों के लिए शिविर लगाया गया। ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी बाबूलाल मायल ने बताया कि नगरपरिषद हॉल में वार्ड नं. एक से तीस तक के नागरिकों के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विमुक्त घुमंतू जाति प्रमाण पत्र के लिए पचास आवेदन आए। शिविर में चालीस लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान पालनहार योजना के तहत एक आवेदन, पेंशन के लिए एक आवेदन, वोटर आईडी एक, आधार कार्ड के लिए एक आवेदन आया है। तहसीलदार राजूदेवी बुनकर ने शिविर का अवलोकन किया। शिविर में छात्रावास अधीक्षक चंद्रावती, डॉ. योगिनी चौधरी ने शिविर में अपनी सेवाए दी। इसी प्रकार छापर नगरपालिका में आयोजित शिविर में पालनहार योजना में दो, विधवा पेंशन के लिए एक, वृद्धावस्था पेंशन के लिए एक, दिव्यांग पेंशन के लिए एक आवेदन प्राप्त हुए।

# अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए 13 को होगा मतदान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अभिभाषक संघ सुजानगढ़ के विभिन्न पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत ने बताया कि 7 दिसम्बर तक सदस्यता शुल्क जमा किया जाएगा। 9 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रकाशन कर दोपहर तीन बजे तक आपतियां ली जाकर इसी दिन शाम को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। प्रजापत ने बताया कि 10 दिसम्बर को शाम के चार बजे तक फार्म प्राप्त किए जा सकेंगे और 11 दिसम्बर को 10 से तीन बजे तक नामांकन लिए जाएगे। इसी प्रकार आवेदन विड्रा करने का समय इसी दिन शाम को साढ़े चार बजे से 12 दिसम्बर को तीन बजे तक रहेगा। 13 दिसम्बर को सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक मतदान होने के बाद शाम को परिणाम घोषित किया जाएगा। ज्ञात रहे कि अभिभाषक संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय सचिव पद के लिए ये वार्षिक चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने जा रही है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध, राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रतनगढ़ के सर्व सनातन समाज के नागरिकों ने सैंकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर बुधगिरी मढ़ी फतेहपुर के संत दिनेश गिरी महाराज के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार रतनगढ़ को ज्ञापन सौंपा। साथ में संत परमेश्वर गिरी भी उपस्थित रहे। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिन्दुओं सहित सभी अल्प संख्यक समुदायों पर हो रहे हमले, लूट, हत्या, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार व जबरन धर्म परिवर्तन आदि की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए भारत सरकार से हस्तक्षेप कर रक्षा करने की गुहार लगाई गई है और



इस्कॉन के स्वामी चिन्मय कृष्ण दास की बांग्लादेश सरकार की ओर से की गई गिरफ्तारी से मुक्त करने की मांग की गई है। ज्ञापन में संवैधानिक अधिकार के साथ हिन्दुओं की आवाज उठाने वाले स्वामी चिन्मय कृष्ण को कारावास से मुक्त करवाने के लिए भारत को हिन्दुओं के पक्ष में अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाने और आवश्यकता होने पर रक्षा के लिए सेना भेजने की गुहार लगाई गई है। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए दिनेश गिरी महाराज ने भारत सरकार से बांग्लादेश सरकार के असंवैधानिक कार्यों के प्रति जनता के आक्रोश और पीड़ा को समझते हुए त्वरित राहत और सुरक्षा प्रदान करने की बात कही। देर रात्रि तहसीलदार आवास पर ज्ञापन सौंपते हुए छीतरमल गाड़गिल, ओम प्रकाश गाड़गिल, मुरारी लाल पारीक, राजकुमार महर्षि, रामलाल स्वामी, ओमप्रकाश पुजारी, सुखराम जांगिड़ , बद्रीनारायण बंसिया, अजय गार्गी सारस्वत, बजरंग गुर्जर, गौतम महर्षि, वासुदेव चाकलान, सुरेश घारू, मनीष चीनिया, हेमंत पंवार, यशोदा शर्मा, निशु निखिल इंदौरिया, रमेश मोयल, बजरंगलाल प्रजापत, सांवरमल सोनी, हरिराम कड़ेल, करणीसिंह राजियासर, हनुमान सिंह, दिनेश लाहोटी, सत्यनारायण हर्षवाल, रामदेव चंदनिया, रामलाल स्वामी, सुनील कम्मा, विक्की भार्गव, धनराज इंदौरिया, रामरतन कंदोई, सुरेश मुरारका, कृष्ण कुमार रामावत, कैलाश आत्रेय, राम मनोहर स्वामी, सत्यनारायण टेलर आदि सैंकड़ों की संख्या में नगर की विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं और विभिन्न समाजों के अध्यक्ष , प्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे।

# माकपा के जिला सम्मेलन का समापन, छगन चौधरी बने जिला सचिव

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निसं.)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी का 24 वां चूरू जिला सम्मेलन तारानगर के इन्द्रलोक भवन में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ जिसमें कॉमरेड छगन चोधरी को सर्वसम्मति से पार्टी का सचिव नियुक्त किया गया। निवर्तमान जिला सचिव कॉमरेड निर्मल कुमार ने बताया कि इस सम्मेलन में प्रभारी कॉमरेड फूलचंद बर्बर व पर्यवेक्षक किशन पारीक की उपस्थिति में कॉमरेड छगन चोधरी को सचिव कॉमरेड निर्मल कुमार, चिमनाराम पांडर, भगतसिंह, उमराव सिंह, रामकृष्ण छिपा, हरिराम टांडी, मानाराम पोटलिया, मोहनलाल शर्मा, रामस्वरूप सहारण, रामनिवास भैंसली, इन्द्राजसिंह, मदनलाल जाखड़, रामनारायण रूलानिया, सांवरमल मेघवाल, काशीराम सहारण, कॉ.सूमन को सदस्य व कॉमरेड दीपाराम प्रजापत, रामसिंह व मिर्जामल को स्थाई आमंत्रित सदस्यों का चयन किया गया। सम्मेलन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून, बढती महंगाई के विरोध में, सार्वजनिक वितरण प्रणाली मजबूत करने, किसानों के लिए स्वामिनाथन आयोग लागू करो, न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने व महंगाई से जोड़ने के लिए नई शिक्षा नीति के विरोध में, साम्प्रदायिकता का खात्मा, संविदा व ठेके पर लगे श्रमिकों/कर्मचारियों को नियमित करने, सभी आवासहीनों को आवास दिलाने की मांग, श्रम कानूनों में बदलाव कर लेबर कोड बिल बनाने का विरोध तथा फसल बीमा सहित कुल 11 प्रस्ताव रखे गए जो सर्वसम्मति से पास हुए। सम्मेलन में देश प्रदेश व जिले में चल रही समसामयिक घटनाक्रम पर चर्चा कर सरकारों की किसान, मजदूर, विद्यार्थी व व्यापारी वर्ग के हकों पर हो रहे कुठाराघात का खुलकर विरोध करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पूरे जिलेभर से पधारे हुए पार्टी सदस्यों व आयोजन में अपनी भूमिका निभा रहे भामाशाह व स्वंय सेवकों को सम्मानित किया गया। नवनियुक्त जिला सचिव कॉमरेड छगन चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सबको साथ लेकर संगठन को ओर आगे बढाने के लिए विश्वास दिलाया। कॉमरेड इन्द्राज सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विधिवत रूप से सम्मेलन के समापन की घोषणा की।

# कलश यात्रा के साथ देवी भागवत कथा शुरू

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)।** शक्तिपीठ जीण माता मंदिर, मावलिया बास में वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा का मंगलमय शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। राम दरबार, गनेड़ीवाल मंदिर में कलश पूजन का आयोजन हुआ। जहां से सैंकड़ों महिलाओं ने सर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए यात्रा कथा स्थल तक पहुंची। प्रथम दिन कथा वाचक कृष्णानंद महाराज ने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत के श्रवण मात्र से मनुष्य के कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। मानव के कल्याण के लिए कथा अमृत के समान है। प्राणी श्रवण मात्र से अपना और अपने कुटुंब का कल्याण कर सकता है। सच्चे हृदय और जगत कल्याण की कामना को लेकर जो भी इस कथा का श्रवण करता है उसके सभी जन्मों के पाप धुल जाते हैं।आयोजन में रामचंद्र घोड़ेला, रमेश चंद्र- संतोष बाबू इंदौरिया, गणेश राम हरितवाल, बनवारी लाल बगरानिया, अंबिका प्रसाद हारीत, मांगीलाल टाक, विष्णु दत्त लुहानीवाल, मुरारी लाल पारीक, जगनलाल मीना, हनुमान प्रसाद घोड़ेला, जगजीवन राम, अनील कुमार चौटिया, भींवाराम प्रजापत, बाबूलाल शर्मा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ब्रह्मोत्सव में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ध्वजारोहण

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(निसं.)।** दक्षिणी स्थापत्य शैली पर निर्मित राजस्थान के एकमात्र तिरूपति वेंकटेश्वर मंदिर में ब्रह्मोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर में भगवान वेंकटेश के समक्ष गरूड़ ध्वज का आरोहण किया गया। गरूड़ ध्वजारोहण से पहले दक्षिण भारतीय विद्वान पंडित कृष्ण कुमार भट्टर के आचार्यत्व में विद्वान पंडितों की ओर से वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ वेंकटेश भगवान की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात गरूड़ ध्वज की मंदिर परिसर में सवारी निकाली गई। इसके बाद वेद ऋचाओं के उच्चारण के साथ गरूड़ ध्वज की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद मंदिर परिसर में भगवान की सवारी निकाली गई। वेंकटेश्वर फाउण्डेशन की ट्रस्टी मंजूदेवी आलोक कुमार जाजोदिया ने बताया कि पांच दिसंबर गुरूवार को कल्याणोत्सव- भगवान का विवाह होगा। इस दौरान नागौर की मंडली की ओर से कीर्तन किया जाएगा और सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। ट्रस्टी मंजू देवी आलोक कुमार जाजोदिया ने बताया कि तीन दिसंबर को प्रातःपूजा, हवन, चूर्णाभिषेक (अभिषेक), पाठ, भोग, आरती, दोपहर में पूजा, सवारी, पाठ, भोग आरती, गोष्ठी, चार दिसंबर को प्रातःपूजा, हवन, पाठ, उत्सव, भोग, दोपहर में तोट्टी तिरूमंजन (पुष्करणी स्नान), पूजा, हवन, उत्सव, पाठ, भोग, आरती, गोष्ठी, पांच दिसंबर को प्रातः पूजा (अभिषेक), हवन, पाठ, उत्सव, भोग, आरती, दोपहर में हवन, पाठ, उत्सव, गोष्ठी कल्याणोत्सव (भगवान का विवाह) मंदिर परिसर में शेषनाग सवारी, 6 दिसंबर को चक्रस्नान, पूर्णाहूति, पुष्प अभिषेक, शाम को गरूड़ वाहन पर भगवान वेंकटेश्वर विराजमान होकर भव्य दर्शन, ध्वजारोहण व गोष्ठी आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। मंदिर के व्यवस्थापक मोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में अशोक कुमार पुजारी, नवरतन पुजारी, दिलीप पुजारी, मुकुन्द सिंह, नरेन्द्र सिंह, हरिराम शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, बजरंगलाल, शिवभगवान, चंपालाल, लालचंद ने आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

# काम के लिए घर से निकला तो पीछे से विवाहिता लापता

**चूरू(निसं.)।** शहर के वार्ड 35 से एक विवाहिता के लापता होने का मामला सामने आया है। विवाहिता के पति ने रविवार देर शाम को कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई है। मामले की जांच कोतवाली एएसआई जयवीर कर रहे हैं। एएसआई ने बताया कि बिहार के जानीपुर निवासी रमन मंडल ने रिपोर्ट दी कि वह पिछले दो साल से रोजगार के सिलसिले में चूरू रहता है। फिलहाल वह अपनी पत्नी खुशबू और बच्चों के साथ वार्ड 35 में रह रहा है। उसकी शादी साल 2017 में चन्दौना, बिहार निवासी खुशबू के साथ हुई थी। 28 नवम्बर 2024 की सुबह करीब 10 बजे वह काम करने घर से निकल गया था। देर शाम जब घर आया तो उसकी पत्नी खुशबु घर से लापता मिली। उसने अपनी पत्नी की सभी जगह तलाश की और रिश्तेदारी में फोन भी किया। मगर उसका कोई सुराग नही लगा। वह अपने दो बच्चों को भी यहां छोड़कर गई है। जिनको 29 नवम्बर को उसके ससुर गगन मंडल अपने साथ लेकर गए हैं। रमन ने अपनी पत्नी की तलाश की मांग की है।

# मेडल प्राप्त खिलाड़ियों का सम्मान

**बिसाऊ(निसं.)।** राजस्थान पी जी कॉलेज बिसाऊ के खिलाड़ियों को पंडित दीनदयाल शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर की ओर से आयोजित एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में खुशबू ने शॉट पुट में डिस्कस थ्रो में ब्रॉन्ज मेडल, छात्रा प्रियंका ने 10000 मी व 21 किलोमीटर दौड़ दोनों में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। छात्र नवीन कुमार ने हेमर थ्रो में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। कोच जयवीर सिंह व शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र शर्मा ने इन बच्चों को नियमित तैयारी करवाई। संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह सिहाग ने सभी खिलाड़ियों व परीक्षको को धन्यवाद दिया। शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र शर्मा ने आगे तैयारी नियमित रखते हुए विश्व विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# 13 ई-मित्रों का औचक निरीक्षण, 2 को नोटिस जारी

**झुंझुनूं(निसं.)।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के सिंघाना ब्लॉक की ओर से ई-गवर्नेन्स की बेहतर सुविधा देने के लिए ई-मित्र कियोस्कों पर पाई जाने वाली कमियों को दूर करनें के लिए माह नवम्बर 2024 में ब्लॉक में संचालित ई-मित्रो की त्रैमासिक जांच/अधिक वसूली की जांच के लिए टीम बनाकर कुल 13 कियोस्कों का औचक निरीक्षण / डिकॉय किया गया। ब्लॉक प्रोग्रामर विजेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि निरीक्षण में कुल 2 कियोस्कों पर अनियमितता पाई गई। इनमें से एक कियोस्क पर ई-मित्र की सेवा देते समय आई.डी. कार्ड नहीं पहनने व अन्य पर निरीक्षण रजिस्टर, विजिटर रजिस्टर व कियोस्क प्रमाण पत्र चस्पा नहीं मिलनें की अनियमितता पाई गई। इस पर उक्त कियोस्कों पर ऑनलाईन पेनल्टी लगाई जाकर नोटिस जारी किया गया।

# यशजीत करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** बास ढाकान की शास्त्री पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र बॉक्सिंग खिलाड़ी यशजीत कुमार का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। संस्था के संचालक सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर देवेंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 63-67 किलो वजन वर्ग के बॉक्सिंग खिलाड़ी यशजीत कुमार यहां कक्षा 11वीं के छात्र हैं। चौधरी ने बताया कि इससे पहले भी विद्यालय के दो विद्यार्थियों का कुश्ती में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ था। संस्था के प्रधानाचार्य सुग्रीवलाल शर्मा ने बताया कि बॉक्सिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित होगी। निर्देशक मुख्त्यार चौधरी ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय परिसर में ही खेल अकादमी शुरू की गई है। सतगुरु खेल प्रशिक्षण संस्थान के कोच शेरसिंह बताया कि यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। इस दौरान हरलाल बुरड़क, सतवीर ढाका, जयप्रकाश गढ़वाल लोहसना छोटा, जोगेंद्र सिंह महलाणा, मांगीलाल गुर्जर, संदीप कुमार, दिलीप कुमार, सुमन देवी, विद्या देवी, संजूलता देवी, ललिता कुमारी, सोनू कुमार, लीलाधर ढाका आदि मौजूद रहे।

# डाइट में राज्य स्तरीय शोध विश्लेषण व प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** लीडर डाइट चूरू (सहयोगी डाइट श्रीगंगानगर अजमेर जालौर) के नेतृत्व में राज्य स्तरीय शोध विश्लेषण व प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को डाइट प्राचार्य व जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक गोविन्द सिंह राठौड़, आई. एफ. आई. सी. प्रभागाध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी शेखावत व प्रभारी भीष्म प्रकाश सहारण ने दीप प्रज्वलित कर किया। उप प्राचार्य संत कुमार दहिया ने बताया कि लीडर डाइट चूरू के नेतृत्व में 02.12.2024 से 11.12.2024 तक राज्य स्तरीय शोध शीर्षक डायल फ्यूचर क्रियान्वयन की वस्तु स्थिति शोध, विश्लेषण और प्रतिवेदन लेखन कार्य किया जाएगा। कार्यशाला में शोध विशेषज्ञ डॉ. श्याम सुन्दर कौशिक, उप प्राचार्य अमित ढ़ाका, रमेश मिरासी, व्याख्याता जगवीर पूनिया, धर्मवीर बिस्सल, राकेश कस्वां, प्रधानाचार्य महेश कुलड़िया, प्रधानाचार्य सूरजकरण जाट, खुशबू सोलंकी, रीना मण्डा व अन्य संभागी उपस्थित रहे।

# समस्त विभागो की सहभागिता के लिए बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में राजस्थान युवा महोत्सव 2024 के सफल आयोजन के संबंध में ब्लॉक के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और युवा महोत्सव की प्रचार प्रसार समिति के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चूरू प्रधान दीपचंद राहड़ ने राजस्थान युवा महोत्सव का सभी अधिकारियो की ओर से अपने-अपने विभागों में उपयोगिता बताते हुए संबंधित युवा कलाकारों का अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने के लिए निर्देश दिए। तहसीलदार अशोक गोरा ने ब्लॉक पर आयोजन समिति का विवरण व महोत्सव के उद्देश्यों की जानकारी दी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सारण ने बैठक में पंजीयन प्रक्रिया विश्लेषण करते हुए बताया कि कार्यालय की ओर से गठित प्रचार प्रसार समिति के प्रयासों से चूरू ब्लॉक में रजिस्ट्रेशन का कार्य लगातार बढ़ रहा है। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार सोनी ने विभिन्न विभागो में संबंधित प्रतियोगिताओं जैसे डिजिटल स्किल, कृषि उत्पादक के लिए युवा कृति, जीव विज्ञान, जैव रसायन के बारे में बताया। युवा महोत्सव सह प्रभारी डॉ कुलदीप पूनिया ने चूरू ब्लॉक में महोत्सव आवेदन पत्रों की जांच व प्रचार के लिए बनाई गई योजना के बारे मे बताया। युवा महोत्सव का आयोजन 8 दिसंबर से 10 दिसंबर के मध्य एक दिवसीय आयोजन होगा जिसकी सूचना अलग से प्रसारित कर दी जाएगी। इस दौरान विपुल शर्मा, अमर सिंह, बजरंग हर्षवाल, प्रभु दयाल सैनी,अभिलाषा भाटी, नीना भारती, शक्ति सिंह,राज कुमार शर्मा सहित प्रचार प्रसार समिति के सदस्य, विकास अधिकारी महेंद्र कुमार भार्गव, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जगदीश भाटी, इंद्राज कुलहरी, डॉ संजय तंवर सहित ब्लॉक के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# कीटनाशक के सेवन से युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** भानीपुरा तहसील के गाँव रातूसर निवासी 28 वर्षीय युवक की भुलवंश कीटनाशक सेवन से मौत हो गई। सोमवार को भानीपुरा पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। भानीपुरा पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल दौलतराम ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रातूसर निवासी मुकेश पुत्र पेमाराम जाट ने रिपोर्ट दी है कि रविवार को मैं और मेरा बड़ा भाई 28 वर्षीय मांगीलाल जाट हमारे खेत में सरसों की फसल पर कीटनाशक का छिड़काव कर रहे थे। इसी दौरान मांगीलाल को प्यास लगने पर भूलवंश कीटनाशक के डिब्बे से पानी पी लिया। कुछ देर बाद मांगीलाल ने मुझे बताया कि मेरा जी घबरा रहा है और सर दर्द कर रहा है तो मैंने हमारे अन्य परिजनों को बताया की कीटनाशक के प्रभाव में होने से जी घबराता हो सकता है। यह सोचकर हम गांव से गाड़ी लेकर मांगीलाल को इलाज के लिए सरदारशहर अस्पताल लेकर आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में मांगीलाल बेहोश हो गया। हम मांगीलाल को सरदारशहर के राजकीय अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने चेक किया और कुछ देर बाद हमें बताया कि मांगीलाल की मृत्यु हो चुकी है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कुंड से पानी निकालते समय युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** भालेरी थाने के गाँव मेहरी राजवियान में खेत में बने पानी के कुंड से पानी निकालते वक्त 30 वर्षीय युवक का पैर फिसल गया और वह पानी के कुंड में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। भालेरी पुलिस ने सोमवार को सरदारशहर के राजकीय अस्पताल में रखे मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। भालेरी पुलिस थाने के एएसआई भंवरलाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मेहरी राजवियान निवासी भागीरथ जाट ने रिपोर्ट देकर बताया है कि हम तीनों भाई खेत में ढाणी बनाकर रहते हैं। सोमवार सुबह करीब 7 बजे मेरा छोटा भाई हरिराम जाट पुत्र दौलतराम जाट उम्र 30 साल खेत में चने की फसल में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर रहा था। इस दौरान वह खेत में बने पानी के कुंड से पानी निकाल रहा था उसी वक्त अचानक मेरे भाई हरिराम का पैर फिसल गया और वह बाल्टी सहित कुंड में गिर गया। कुंड में पानी अधिक होने के कारण हरिराम की कुंड में डूबने से मौत हो गई। मैंने व मेरे परिवार वालों ने मेरे भाई हरीराम को कुंड से निकला तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रोडवेज में परीक्षार्थियों को खड़ा रहकर करनी पड़ रही निशुल्क यात्रा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** राजस्थान सरकार की ओर से अब अधिकतर परीक्षाओ में परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज बसों में यात्रा पूरी तरह से निशुल्क कर दी है। परीक्षार्थी इस निशुल्क यात्रा व्यवस्था का जमकर लाभ भी उठाते हैं। लेकिन हर परीक्षा के समय रोडवेज बसो में अव्यवस्थाओं का आलम देखने को मिलता है। परीक्षार्थियों को रोडवेज बसों में भेड़ बकरियों की तरह भरकर ले जाया जाता है। जिसके चलते परीक्षार्थी अपनी जान जोखिम में डालकर परीक्षा केंद्र तक पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार 1, 2 और 3 दिसंबर को आयोजित पशु परिचर भर्ती की परीक्षा देने सरदारशहर से बीकानेर जा रहे परीक्षार्थियों को सोमवार को एक बार फिर परेशानी का सामना करना पड़ा। सरदारशहर रोडवेज बस स्टैंड से परीक्षार्थी रोडवेज बस में भेड़ बकरियों की तरह भरे गए। एक बार फिर रोडवेज बसों का अभाव देखने को मिला। सरदारशहर के अधिकांश परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र जिले से बाहर आया है। जिसके चलते भी परीक्षार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब भी परीक्षाएं आयोजित होती है तब इसी प्रकार का आलम रोडवेज बसो में देखने को मिलता है। हालांकि रोडवेज प्रशासन की ओर से अतिरिक्त बसों की भी व्यवस्था की जाती है। लेकिन परीक्षार्थियों की संख्या ज्यादा होने के कारण हर बार परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। परीक्षार्थियों कहा कि हमे मजबूरन बसों में भारी भीड़ में खड़े होकर परीक्षा केंद्र पहुंचना पड़ रहा है। सरकार को पर्याप्त संख्या में रोडवेज बसों की व्यवस्था की जाए तो विधार्थियों को परेशानी कम हो सके।

# स्काउट गाइड मिनी जंबूरी में अलसीसर रहा अव्वल

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली मिनी जंबूरी का पुरस्कार वितरण व समापन समारोह जिला कलेक्टर रामावतार मीना के मुख्यआतिथ्य, पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी की अध्यक्षता व सहायक राज्य संगठन आयुक्त बीकानेर रामजस लिखाला, संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा बजरंग लाल स्वामी, झुंझुनूं स्काउट जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा, सीकर स्काउट जिला प्रधान बाबूलाल गुर्जर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह योगेंद्र सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जंबूरी में सहयोग करने वाले भामाशाह पंकज सराफ, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चिड़ावा सुशील शर्मा, उत्कृष्ट सहयोग करने वाले चिरंजीलाल शर्मा, बुहाना के प्रधान कृष्ण कुमार यादव, जिला मुख्यालय पर स्काउट हट बनाने में सहयोग देने वाले ओमप्रकाश डीग्रवाल व उमेश रोहिल्ला को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी दौरान कमिश्नर कोर्स में भाग लेने वाले प्रधानाचार्यो को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि हमें मेहनत व लगन के साथ सेवा कार्य में तत्पर रहते हुए देश सेवा को तत्पर रहना चाहिए। यहां के सैनिक, महिलाएं, भामाशाह, उद्योगपति पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। जिला कलेक्टर ने जंबूरी में भाग लेने वाले सभी स्काउट्स गाइड्स,रोवर्स रेंजर्स की हौसला अफजाई की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए हमें विकासशील भारत से विकसित भारत की ओर बढ़ना होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी मिनी जंबूरी का आयोजन पुलिस लाइन में किया जाए इसके लिए समस्त प्रकार की सुविधाएं पुलिस विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी।

## भाषा, साहित्य, संस्कृति में लिप्यंतरण व अनुवाद की भूमिका महत्त्वपूर्णः निर्मोही

# साहित्यकार देवी प्रसाद बागड़ोदिया को अगर चंद नाहटा लिप्यंतरण सम्मान

जयपुर टाइम्स




**चूरू/मंडावा/जोधपुर(निसं.)।** जोधपुर के कथा संस्थान की ओर से दिए जाने वाले राज्य स्तरीय कथा अलंकरण श्रृंखला के सिलसिले में रविवार रात्रि को मंडावा के होटल कास्टले के मोती बाग स्थित रंगमंच पर आयोजित एक कार्यक्रम में लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार, अनुवादक व लिप्यंतरणकर्ता देवी प्रसाद बागड़ोदिया को 'अगरचंद नाहटा लिप्यंतरण सम्मान 2023-24' प्रदान किया गया। कथा संस्थान के सचिव जाने-माने साहित्यकार मीठेश निर्मोही, मुख्य अतिथि चूरू एडीपीआर चर्चित लेखक कुमार अजय और विशिष्ट अतिथि साहित्यकार मंशाह नायक ने बागड़ोदिया को सम्मान प्रदान किया। सम्मान स्वरूप उन्हें शॉल, श्रीफल व सम्मान पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान दुर्गाप्रसाद बागड़ोदिया बैंगलोर, प्रभुदयाल बागडोदिया नोएडा, श्यामसुंदर मोदी मुंबई, रवि सिंघल कोलकाता, पवन धीरासरिया गुवाहाटी, कुसुम चौधरी मुंबई, रवि बाजोरिया पुणे, मीतू गुप्ता हैदराबाद, सविता बागड़ोदिया डिब्रूगढ़, इंदु बगड़िया कोलकाता, हिमांशु बागड़ोदिया, प्रेरणा, अभिषेक सरोवा आदि भी मौजूद रहे। इस मौके पर कथा संस्थान के सचिव मीठेश निर्मोही ने कहा कि भाषा, साहित्य व संस्कृति के विकास में अनुवाद व लिप्यंतरण की गहरी भूमिका है। भारत जैसे देश में, जहां वैविध्यपूर्ण संस्कृति है, यह भूमिका और भी अहम हो जाती है। उन्होंने बागड़ोदिया के साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि असम जैसे दूरस्थ प्रदेश में जन्म व निवास के बावजूद बागड़ोदिया ने अपने मन में हमेशा मातृभूमि के प्रति अनुराग रखा और अपने अनुवाद कार्य से राजस्थान के साहित्य और संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम किया। मुख्य अतिथि कुमार अजय ने बागड़ोदिया के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य साधना के काम में व्यक्ति को बहुत सारी चीजों का त्याग करना होता है और यह एक तरह से तपस्वी जैसा कार्य है। इस कार्य को एक दायित्व समझकर आजीवन उसका निवर्हन करना अपने आप में एक महत्त्वपूर्ण कार्य है। बागड़ोदिया ने अनुवाद व लिप्यंतरण जैसे दुष्कर कार्य में खुद को लगाकर एक महत्ती कार्य किया है और साहित्य की अनुपम सेवा की है। उन्होंने साहित्यकारों के सम्मान और अनवरत सक्रियता के लिए मीठेश निर्मोही की सराहना की और कहा कि स्वयं साहित्य सर्जक होते हुए भी दूसरों की साधना को सम्मानित करने का यह कार्य अपने आप में महत्त्वपूर्ण और अनूठा है। साहित्यकार मंशाह नायक ने बागड़ोदिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए बताया कि वर्ष 1939 में डिब्रूगढ़, असम में जन्मे देवी प्रसाद बागडोदिया का पूरा लेखन असमिया संस्कृति को पूरे देश में फैलाने के लिए जाना जाता है। इन्होंने असमिया से हिन्दी व हिन्दी से असमिया में कई महत्त्वपूर्ण अनुवाद किए हैं। बागड़ोदिया ने असम के महत्वपूर्ण साहित्यकार ज्योति प्रसाद अग्रवाल की संपूर्ण साहित्यिक कृतियों का असमिया से हिंदी में अनुवाद किया है। उन्होंने असम में भक्ति संस्कृति को फैलाने वाले प्रसिद्ध समाज सुधारक महापुरुष शंकर देव की महत्वपूर्ण कृतियों 'गुणमाला' व 'बोरगीत' का हिंदी अनुवाद किया है और माधव देव रचित 'नाम घोसा' जिसे असम की भागवत गीता माना जाता है, का भी हिन्दी में अनुवाद किया है। उन्होंने मीराबाई के भक्ति गीत संग्रह व संक्षिप्त जीवनी का असमिया में अनुवाद किया है, जिसके लिए मीरा स्मृति संस्थान, चितौडगढ़ की ओर से भी इन्हें सम्मानित किया गया है। बागड़ोदिया ने हिंदी, असमिया, अंग्रेजी और राजस्थानी की चार सौ लोकोक्तियों के संकलन का महत्वपूर्ण काम भी किया है। इन्हें केंद्रीय हिंदी निदेशालय की ओर से 'ट्रांसलेटर ऑफ रिमार्केबल स्टैंडर्ड सम्मान' से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा फूलचंद खंडेलवाल समिति अवार्ड, असम सरकार का साहित्यिक सम्मान, सज्जन जैन स्मृति साहित्य पुरस्कार भी इन्हें मिल चुके हैं।

# यूनाईटेड जाट महासभा के 2025-27 सत्र के चुनाव सम्पन्न, नई कार्यकारिणी का गठन

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** यूनाईटेड जाट महासभा चुनाव समिति ने 2025-27 सत्र के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सम्पन्न कराया। मुख्य चुनाव अधिकारी राजबीर सिंह एडवोकेट और सह चुनाव अधिकारी विरेन्द्र सिंह चौधरी ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया। चुनाव में भींवाराम भूकर को प्रदेश अध्यक्ष, दिनेश कुमार चौधरी को प्रदेश महासचिव और त्रिलोक चन्द चौधरी को प्रदेश कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर रेखा ज्याणी, मदनलाल बाजिया, बालूराम चौधरी, रिछपाल थालोड़, सोहन सिंह गोदारा, पवन चौधरी और डॉ. महावीर हुड्डा को चुना गया। प्रदेश सचिव पद के लिए मनीषा, ओमप्रकाश पिलानियां, गोपाल लाल चौधरी, जगदीश प्रसाद जाट, शंकर चौधरी, हरि सिंह चौधरी, जयनारायण डूडी, मोतीराम चौपड़ा, शैलेन्द्र सिंह फौजदार, मुकेश कुमार देवन्दा, अंशुमन चौधरी और अजय कुमार (बाजिया) निर्वाचित हुए। प्रदेश प्रवक्ता के रूप में डॉ. आयुषी चौधरी, मोहन राम चौधरी और मोरध्वज सिंह को चुना गया। सहसचिव पद पर डॉ. सुप्रिया चौधरी, अभिलाषा डिसानिया, सत्यवीर सिंह धनखड़, बहादुर सिंह राजन, डॉ. सरोज कुमारी (जाखड़), सुरेन्द्र सिंह (डांगी), अवध कुमार चौधरी, विकास चौधरी और उत्तम सिंह चौधरी निर्वाचित हुए। संस्था के संस्थापक संरक्षक मोहन लाल चौधरी (देगड़ा) और वर्तमान अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार गर्सा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी मानव कल्याण के लिए समर्पित रहकर देश और समाज की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। यह चुनाव समिति की कड़ी मेहनत और पारदर्शी प्रक्रिया का परिणाम है, जिसने महासभा के लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान की है।

# *बायला लोडसर में बिजली का कम वोल्टेज मिलने पर किसानों ने किया प्रदर्शन*

## सात दिनों में समाधान नहीं हुआ तो करेंगें चक्का जाम



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील की ग्राम पंचायत बायला और लोडसर के किसानों को बिजली के सही वोल्टेज नहीं मिलने पर किसानों की रबी फसल प्रभावित हो रही है। परेशान किसानों ने एसडीएम कार्यालय के आगे विरोध प्रदर्शन करते हुए सरपंच बृजलाल ढाका के नैतृत्व में एसडीएम दिव्या चौधरी को ज्ञापन देकर किसानों ने बड़े स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि जो भी समस्या है, उसका समाधान करवाने के लिए संबधित अधिकारी से वार्ता करते हुए जल्द समस्या का समाधान करवाया जाएगा। बायला सरपंच बृजलाल ढाका ने बताया कि अगर समय रहते बिजली का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो मजबूर होकर एक्सईएन, एसडीएम कार्यालय के आगे विरोध प्रदर्शन करते हुए घेराव करते हुए मेगा-हाईवे पर जाम लगाया जाएगा। किसान ओमप्रकाश ने बताया कि पंचायत बायला व लोडसर के 70 कृषि कनेक्शनों पर बिजली सप्लाई सही नहीं होने पर किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। भानीपुरा जीएसएस से हटाकर भादासर एईएन कार्यालय से यह बिजली सप्लाई चालू की जाए तो किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में एक फीडर में 90 ट्यूबेल संचालित होने के कारण बिजली वोल्टेज सिर्फ 150-200 ही आ जाते है। जिसके कारण मोटर जल रही है। इस मौके पर शंकरलाल, भंवरसिंह, रामवतार, लालचंद सुथार, चुवाराम जाट, कानाराम, इमलाल, जगदीश प्रसाद, भंवरलाल, मांगीलाल, सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बजट घोषणा के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करे अधिकारीः मीणा

## जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने अधिकारियों से कहा है कि वे मुख्यमंत्री बजट घोषणा के कार्यो को प्राथमिकता दे उन्होंने कहा कि जिन घोषणाओं के लिए भूमि आंवटन की आवश्यकता है उनके लिए समीक्षा कर जल्द भूमि आंवटन की कार्यवाही की जाएगी। जिला कलक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे समय पर पुस्तिका प्रकाशन, जिला स्तरीय प्रदर्शनी, युवा सम्मेलन, किसान सम्मेलन, महिला सम्मेलन, अन्त्योदय सेवा शिविर की तैयारियों पूर्ण कर ले। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने पेयजल आपूर्ति को लेकर भी समीक्षा करते हुए पीएचइडी एसई शरद माथुर को चूरू व हनुमानगढ़ जिले के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उच्च अधिकारियों से वार्ता कर पेयजल आपूर्ति सुचारू करवाने के निर्देश दिए। वहीं अति. जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य ने अधिकारियों से कहा कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारित करें। बैठक में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिलवाने के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** राजस्थान समायोजित शिक्षाकर्मी संघ राजस्थान की चूरू जिला इकाई की ओर से सोमवार को चूरू विधायक हरलाल सहारण को जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। विधायक सहारण ने गंभीरता से शिष्टमंडल की बातों को सुना तथा पुरानी पेंशन व्यवस्था से जुड़ी जानकारी लेकर पूर्ण आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री के व्यक्तिगत रूप से सारी बात रखेंगे और यथासंभव निराकरण का प्रयास करेंगे। विधायक ने कहा कि वे इसके लिए मुख्यमंत्री को लिखित में भी अभिशंषा देंगे। शिष्ट मंडल ने विधायक को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया कि उन्होंने हमारी न्यायोचित मांग को सहानुभूतिपूर्वक सुना और तुरंत अभिशंषा कर हमे अनुगृहीत किया। शिष्ट मंडल में अजय पंवार प्रदेश संयोजक, राजवीर सिंह राठौड़ जिला अध्यक्ष, कमल शर्मा चूरू उप शाखा अध्यक्ष, रविन्द्र सिंह शेखावत जिला मंत्री, मनोज कुमार वर्मा चूरू संगठन मंत्री, महेश सैनी नारायण प्रसाद शर्मा आदि समायोजित शिक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

# रफ़्तार का कहरः बेकाबू थार दुकान में घुसी, एक की मौत, पांच घायल

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं में एक तेज रफ्तार थार जीप दुकान में जा घुसी। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। इनमें 3 को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। घटना सदर थाना इलाके के नयासर गांव में सोमवार सुबह 8.30 बजे हुई थी। सदर थाना इंचार्ज अशोक चौधरी ने बताया कि सोमवार सुबह 8.30 बजे सूचना मिली कि थाना इलाके के नयासर गांव के चौक पर थार कार किराना शॉप में घुस गई। कार की चपेट में आकर दुकान मालिक देवकरण कस्वां (68), अखबार पढ़ रहे दो स्थानीय व्यक्ति राकेश कस्वां (50), रणवीर कस्वां (55) और दुकान पर सामान खरीदने रुके बाइक सवार मनोज मेघवाल (45) और उसके दो बेटे पुष्पेंद्र (23) व आर्यन (18) घायल हो गए। हादसे में 23 साल के पुष्पेंद्र की मौत हो गई। वह बाइक पर पिता और भाई के साथ था। घायलों को बीडीके हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां से गंभीर घायल राकेश कस्वां पुत्र विद्याधर, रणवीर कस्वां पुत्र रामकुमार और पुष्पेंद्र को जयपुर रेफर किया गया। जयपुर में इलाज के दौरान पुष्पेंद्र ने दम तो3ड़ दिया। पुष्पेंद्र अपने पिता मनोज और छोटे भाई आर्यन के साथ बाइक पर दुकान पर आया था। तीनों खेत में मजदूरी करने जा रहे थे। दुकान पर सामान लेने रुके थे। लोगों ने आरोप लगाया कि थार गाड़ी रेंटल है। इसकी नंबर प्लेट, चेसिस नंबर फर्जी हैं और यह बिना रजिस्ट्रेशन घूम रही है। इसके बारे में पुलिस जांच में पता लगाएगी। सारे रिकॉर्ड चेक करेंगे। इलाके के सीसीटीवी भी खंगाल रहे हैं। उचित मुआवजे के लिए ग्रामीण आक्रोशित हो गए। नयासर के ग्रामीण इमरान ने बताया कि नयासर गांव के चौक पर देवकरण कस्वां की किराना शॉप पर उस वक्त रणवीर व राकेश नाम के व्यक्ति अखबार पढ़ रहे थे। इसी दौरान खेत पर दो बेटों के साथ जा रहा मनोज दुकान पर सामान लेने रुका। तभी झुंझुनूं की दिशा से गांव की तरफ बहुत तेज रफ्तार से ब्लैक कलर की थार लहराते हुए आई और आकर दुकान की दीवार तोड़ते हुए 6 लोगों को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि थार का डायरेक्शन बदल गया। हादसे में घायल यहां वहां बिखर गए। एक तरफ की दीवार गिर गई। सामान और शटर टूट गए। मलबा आ गिरा। मौके पर तुरंत लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ लोगों ने थार में सवार ड्राइवर नवीन को पकड़ लिया। इसके बाद सदर थाने को सूचना दी। कुछ लोगों ने घायलों को संभाला और निजी वाहनों से झुंझुनूं बीडीके हॉस्पिटल लेकर भागे। दुकानदार देवकरण, मनोज और उसके छोटे बेटे आर्यन का इलाज झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में चल रहा है। चश्मदीद और स्थानीय निवासी पवन ने बताया कि दो लोगों के पैर बुरी तरह कुचल गए। इन गाड़ियों को रेंट पर झुंझुनूं का कोई व्यक्ति चलाता है। इनकी नंबर प्लेट चेसिस नंबर सब फर्जी हैं। एक्सीडेंट के बाद हमने ड्राइवर को पकड़ लिया तो कुछ देर बाद दूसरी ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो में एक महिला ड्राइवर को छुड़ाने के लिए आ गई। आते ही गाली-गलौज करने लगे। वह ड्राइवर को छुड़ाने की कोशिश करने लगी। बोली यह मेरा बेटा है, गुंडा है। दादागिरी करने लगी। स्थानीय निवासी पवन ने बताया कि झुंझुनूं में बिना रजिस्ट्रेशन ने फर्जी नंबर प्लेट के साथ ये गाड़ियां चल रही हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने भी कुछ नहीं किया। आते ही युवक को पुलिस वाहन में बैठा लिया। पुलिस ने एंबुलेंस की जगह पहले क्रेन बुलाई ताकि थार गाड़ी को ले जा सके। ये भी नहीं पूछा कि किसे कहां चोट लगी। घायलों में तो एक व्यक्ति पैरालाइज्ड है। हम लोगों ने थार के ऑनर को मौके पर बुलाने, उसे गिरफ्तार करने, उसकी सारी गाड़ियों को जब्त करने, गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने, टूटी दुकान और सामान की क्षति पूर्ति कराने और घायलों को आर्थिक मदद देने की मांग की है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।